

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



वर्ष 04, अंक 09 | ग्वालियर गुरुवार 25 फरवरी 2021 | pushpanjalitoday@gmail.com | मूल्य 01, रुपए, पृष्ठ 8


न्यूज़ ट्रैक

## अनंतनाग में सुरक्षाबलों ने ढेर किए 4 आतंकी ढेर



अनंतनाग। जम्मू कश्मीर के अनंतनाग में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ हुई है. इस मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने 4 आतंकवादियों को ढेर कर दिया है. मारे गए आतंकियों की अभी पहचान नहीं हुई है. कश्मीर जोन पुलिस ने मुठभेड़ में 4 आतंकियों को मार गिराने की पुष्टि की है. यह एनकाउंटर अनंतनाग के श्रीगुफवारा के शालगुल वन क्षेत्र में हुआ है. फिलहाल इलाके में सुरक्षाबलों का ऑपरेशन चल रहा है. आज सुबह पुलिस को इलाके में आतंकियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी. जिसके आधार पर यह कार्रवाई हुई है. दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के शालगुल वन क्षेत्र में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में आज सुबह सुरक्षाबलों को जानकारी मिली थी. इस विशेष सूचना के आधार पर सुरक्षाबलों द्वारा इलाके में घेराबंदी शुरू की. जैसे ही सुरक्षाबल उस स्थान पर पहुंचे, जहां आतंकवादी छिपे हुए थे, आंतकवादियों ने अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी और मुठभेड़ शुरू हो गई. पुलिस ने कहा कि श्रीगुफ्वारा, अनंतनाग के शालगुल वन क्षेत्र में मुठभेड़ हुई है. पुलिस और सेना अपना काम रही है. इससे पहले 19 फरवरी को जम्मू-कश्मीर में एक ही दिन में 2 जगहों पर मुठभेड़ हुई थी. शोपियां मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने 3 संदिग्ध आतंकवादियों को मार गिराया था.

## हमारे लिए सैनिक अहम, क्रिकेट कोई मायने नहीं रखता,

**नई दिल्ली** । टीम इंडिया के पूर्व क्रिकेटर गौतम गंभीर ने भारत और पाकिस्तान के बीच क्रिकेट को फिर से शुरू करने के विचार का कड़ा विरोध किया है। गंभीर का मानना है कि जब तक पाकिस्तान जम्मू एवं कश्मीर में सीमा पार से आतंकवाद को बंद नहीं कर देता, तब तक भारत को इस पड़ोसी देश के साथ क्रिकेट नहीं खेलना चाहिए। गौतम गंभीर ने कहा आखिरकार, क्रिकेट कोई मायने नहीं रखता, बल्कि हमारे सैनिक रखते हैं। हालांकि अंतरराष्ट्रीय दबाव का सामना कर रहे पाकिस्तान का दावा है कि उसने अपने देश में पनप रहे आतंकी समूहों पर शिकंजा कसा है, लेकिन उसने जम्मू-कश्मीर में हथियारबंद आतंकवादियों को भेजना जारी रखा है। पिछले कुछ हफ्तों में नव निर्मित केंद्र शासित प्रदेश में नागरिकों और सुरक्षा बलों के खिलाफ आतंकी हमले भी बढ़े हैं।



## उन्नाव केस की सीबीआई से कराई जानी चाहिए जांच

**उन्नाव** । भीमआर्मी प्रमुख चंद्रशेखर ने उन्नाव के असोहा गांव में पिछले दिनों दो दलित लड़कियों की मौत के मामले की सीबीआई जांच की मांग की है। चंद्रशेखर ने पिछले 17 फरवरी को असोहा गांव में एक खेत में दो लड़कियों के मृत और एक लड़की के बेसुध पाए जाने के मामले में पुलिस द्वारा किए गए खुलासे पर सवाल उठाते हुए इस मामले की सीबीआई से जांच कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि इससे दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा।



घटना में बेहोश मिली लड़की का हाल लेने के लिए कानपुर स्थित अस्पताल जाते वक्त रास्ते में उन्नाव के सोहरामऊ इलाके में भीम आर्मी प्रमुख ने आरोप लगाया कि उन्हें उत्तर प्रदेश सरकार और उसकी पुलिस पर भरोसा नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ न तो कानून-व्यवस्था सुधार पा रहे हैं और न पीड़ित परिवार को न्याय दिला पा रहे हैं। चंद्रशेखर ने सवाल किया कि क्या मुख्यमंत्री का फर्ज नहीं बनता कि वह पीड़ित परिवार से आकर मुलाकात करें? गौरतलब है कि उन्नाव जिले के असोहा थाना क्षेत्र स्थित बबुरहा गांव में पिछली 17 फरवरी को खेत से चारा काटने गई तीन लड़कियां संदिग्ध परिस्थितियों में बेहोश पाई गई थी।

## राष्ट्रपति-गृहमंत्री ने किया मोटेरा स्टेडियम का उद्घाटन

# पीएम मोदी स्टेडियम रखा गया नाम




अहमदाबाद । राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने बुधवार को यहां विश्व के सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम मोटेरा का उद्घाटन किया। इस स्टेडियम का नाम नरेंद्र मोदी स्टेडियम रखा गया है। दो दिवसीय इस दौरे पर राष्ट्रपति कोविंद ने सरदार वल्लभ भाई पटेल स्पोर्ट्स एन्क्लैव का भी भूमि पूजन किया। उद्घाटन समारोह में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, खेल मंत्री किरेन रिजिजू और उपमुख्यमंत्री नितिन पटेल भी उपस्थित थे।

इस स्टेडियम में पहला मुकाबला भारत और इंग्लैंड के बीच होगा। भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरा टेस्ट मैच बुधवार से ही इस नवनिर्मित मोटेरा क्रिकेट स्टेडियम में शुरू होगा। यह दिन-रात का मैच होगा। इसके बाद अंतिम टेस्ट मैच भी यहीं खेला जाएगा। इसके अलावा दोनों टीमों के बीच पांच एकदिवसीय मैच भी यहां होंगे। मोटेरा स्टेडियम को सरदार पटेल स्टेडियम के रूप में भी जाना जाता है। यह दुनिया का सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम है। इसमें क्षमता कुल एक लाख 10 हजार दर्शकों की है। 63 एकड़ में फैले इस स्टेडियम ने मेलबॉर्न को के स्टेडियम को भी पीछे छोड़ दिया है। इसमें 90 हजार लोग एक साथ बैठ सकते हैं। वहीं साल 1982 में तैयार हुए मोटेरा स्टेडियम में शुरुआती समय में केवल 49 हजार लोगों के बैठने की क्षमता थी।खास बात है कि दुनिया की सबसे बड़ी मूर्ति स्टेच्यु ऑफ यूनिटी के बाद राज्य के पास दुनिया का सबसे बड़ा स्टेडियम भी हो गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस स्टेडियम की अनुमानित लागत 800 करोड़ रुपए है। इस स्टेडियम का निर्माण लार्सन एंड टर्बो कंपनी ने किया है। मोटेरा में सबसे बड़े स्टेडियम में ड्रीम प्रोजेक्ट में 76 कॉर्पोरेट बॉक्स हैं। यहां ओलंपिक के स्तर का स्विंमिंग पूल है, एक इंडोर एकेडमी भी है, इसके साथ ही एथलीट्स के लिए चार ड्रेसिंग रूम, फूड कोर्ट और जीसीए क्लब हाउस भी है। इस स्टेडियम में 11 पिच तैयार की गई हैं। जिनमें से 6 लाल और 5 काली मिट्टी की हैं। खास बात है कि यह पहला स्टेडियम होगा, जहां दोनों तरह की पिचों का इस्तेमाल खेलने और अभ्यास दोनों के लिए होगा। बारिश होने की स्थिति में पिच केवल 30 मिनट में ही सूख जाएगी।



# विधानसभा में आदिवासियों के मुद्दे पर जमकर नोंकझोंक

भोपाल। आदिवासियों को लेकर विधानसभा में आज सत्ता पक्ष एवं ?विपक्षी सदस्यों की बीच जमकर नोंकझोंक हुई। सदन में हंगामा बढता देख स्वयं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को मोर्चा् संभालना पडा। कांग्रेस ?विधायक संजय यादव द्वारा अपने विधानसभा क्षेत्र के बड़ा देव मंदिर के निर्माण में स्वीकृत राशि खर्च नहीं किए जाने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह सरकार आदिवासी विरोधी है। कमलनाथ सरकार ने इस मंदिर के लिए पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने एक करोड़ 99 लाख रुपए स्वीकृत किए थे लेकिन सरकार ने पूरी राशि स्वीकृत नहीं की है। इसके जवाब में पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री उषा ठाकुर ने कहा ?कि बजट सीमित है।

### पेट्रोल डीजल मूल्य वृद्धि के खिलाफ विपक्ष ने किया वॉक आउट

**भोपाल।** पेट्रोल और डीजल मूल्य वृद्धि के खिलाफ कांग्रेस के आक्रामक तेवर बरकरार हैं। सड़कों के बाद अब विधानसभा में भी विपक्ष ने इस मुद्दे पर सरकार को घेरा। शून्यकाल के दौरान कांग्रेस के विधायकों ने पेट्रोल और डीजल में हो रही मूल्य वृद्धि पर चर्चा कराने की मांग की। सरकार जब इस पर चर्चा के लिए तैयार नहीं हुई तो कांग्रेस विधायकों ने सदन से वॉकआउट कर दिया। कांग्रेस विधायक आम जनता से जुड़े मुद्दे पर सदन के अंदर चर्चा कराने की मांग पर अड़ा था। कांग्रेस विधायक प्रियव्रत सिंह ने सदन के अंदर पेट्रोल डीजल के बढ़ते दामों पर चर्चा नहीं कराने पर वॉकआउट का ऐलान किया और उसके बाद कांग्रेस के सभी विधायक सदन के बाहर आ गए। विपक्ष ने सदन के बाहर जमकर नारेबाजी की और गांधी प्रतिमा के सामने धरना देकर बैठ गए।



बजट प्राप्त होते ही काम शुरु कर ?दिए जाएंगे। जवाब से असंतुष्ट यादव ने आरोप लगाया ?कि केंद्र में हम दो और हमारे दो की सरकार चल रही है तो राज्य में हम दो और हमारे तीन की सरकार चल रही है। सरकार द्वारा सही जवाब नहीं ?दिया रहा है। हंगामा बढता हुए देखकर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान स्वयं सीट खडे हुए और उन्होंने सदन को बताया कि हमारी सरकार विकास कार्यों में किसी तरह का भेदभाव नहीं करती है। विधायक चाहे सत्ता पक्ष का हो या फिर विपक्ष का, सभी के क्षेत्र में समान रूप से विकास किया जाता है। काम ?किसी भी तरफ के हो रुकेंगे नहीं। उन्होंने आरोप लगाया कि जब कर्ज माफी कमलनाथ सरकार ने की थी तब जो सूची बनी थी उसमें से बीजेपी विधायकों के क्षेत्र के किसानों के नाम गायब कर दिए गए थे। विधायक के आरोपों पर सीएम शिवराज सिंह चौहान ने सदन में कहा कि विधायक की रूचि सिर्फ आरोप लगाने में है, ना कि सवाल पूछने में।

## गुजरात नगर निगम में कांग्रेस की हार लोकतंत्र के हित में नहीं : संजय राउत

**मुंबई।** गुजरात नगर निगम चुनाव में कांग्रेस की शिकस्त के बीच शिवसेना के सांसद संजय राउत ने बुधवार को कहा कि इस तरह कांग्रेस की हार लोकतंत्र कि हित में नहीं है। राउत ने आरोप लगाया कि पुडुचेरी में कांग्रेस को सत्ता से हटाने के लिए भाजपा ने कई हथकंडे आजमाए और 'दिल्ली में बैठे लोगों' द्वारा धन-बल का दुरुपयोग देश के हित में नहीं है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में भी इसतरह के हथकंडे इस्तेमाल किए जा रहे हैं लेकिन सत्तारूढ़ शिवसेना मजबूती के साथ महा विकास आघाड़ी के घटक राकांपा और कांग्रेस के साथ खड़ी है। भाजपा ने गुजरात में छह नगर निगमों के लिए हुए चुनाव में प्रचंड जीत हासिल की। भाजपा ने मतगणना में 576 में से 483 सीटें जीतकर इन नगर निकायों में अपनी सत्ता बरकरार रखी। विपक्षी दल कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा और वह केवल 55 सीटों पर जीत दर्ज कर सकी। वहीं, राज्य में नगर निकाय चुनावों में पहली बार उतरी आम आदमी पार्टी (आप) ने 27 सीटों पर जीत हासिल की और ये सभी सीटें उसने सूरत में जीती। आप सूरत नगर निगम में मुख्य विपक्ष के रूप में उभरी।गुजरात के परिणाम पर राउत ने कहा, ''सूरत एक महत्वपूर्ण नगर निगम है और लोगों ने मुख्य विपक्षी दल के रूप में आप को चुना है। कांग्रेस को इस बारे में विचार करना होगा, हम सभी को इस पर विचार करने की जरूरत है।'' उन्होंने सूरत में 'आप' की जीत का स्वागत किया।



## सुको का फैसला : हिन्दू महिला पिता के परिवार को दे सकती है अपनी संपत्ति

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में व्यवस्था दी है कि हिन्दू महिला के पिता की ओर से आए लोगों को उसकी संपत्ति में उत्तराधिकारी माना जा सकता है। ऐसे परिजनों को परिवार से बाहर का व्यक्ति नहीं माना जा सकता, हिन्दू उत्तराधिकार कानून की धारा 15.1.डी के दायरे में आएंगे और संपत्ति के उत्तराधिकारी होंगे। फैसले में शीर्ष अदालत ने कहा कि महिला के पिता की ओर से आए परिजन हिन्दू उत्तराधिकार कानून, 1956 की धारा 15.1.डी के तहत उत्तराधिकारियों के दायरे में आएंगे। जस्टिस अशोक भूषण की पीठ ने कहा कि धारा 13.1.डी को पढ़ने से साफ जाहिर है कि पिता के उत्तराधिकारियों को उत्तराधिकारी माना गया है, जो संपत्ति को ले सकते हैं। लेकिन, जब महिला के पिता की ओर से आए उत्तराधिकारियों को शामिल किया जाता है, जो संपत्ति को हासिल कर सकते हैं तो ऐसे में यह नहीं कहा जा सकता है कि वे परिवार के लिए अजनबी हैं और महिला के परिवार के सदस्य नहीं हैं।



### राहुल के बयान पर भड़की भाजपा, कहा

# वह अवसरवादी और उत्तर भारत विरोधी पूर्वाग्रह से ग्रस्त

तिरुवनंतपुरम । केरल में अपने संसदीय क्षेत्र वायनाड के दौरे पर गए कांग्रेस नेता राहुल गांधी के एक बयान से सियासत गरमा गई है। कांग्रेस नेता ने केरल और उत्तर भारत की राजनीति के बीच ऐसी तुलना की कि सबके निशाने पर आ गए हैं। भाजपा नेताओं ने कांग्रेस नेता को अवसरवादी उत्तर भारत विरोधी पूर्वाग्रह से ग्रस्त बताया है। दरअसल, राहुल गांधी ने तिरुवनंतपुरम में एक सभा में कहा पहले 15 साल मैं उत्तर भारत से सांसद था। मुझे वहां दूसरे तरह की राजनीति का सामना करना पड़ता था। केरल आना मेरे लिए ताजगी भरा रहा, क्योंकि यहां के लोग मुद्दों की राजनीति करते हैं और सिर्फ सतही नहीं, बल्कि मुद्दों की तह तक जाते हैं।



राहुल गांधी ने रैली में भाजपा के साथ ही वाममोर्चा गबंधन एलडीएफ पर भी प्रहार किया। राहुल ने कहा कि भाजपा माकपा की अगुआई वाली केरल सरकार पर हमला क्यों नहीं कर रही है। केरल के मुख्यमंत्री के दफ्तर पहुंचे मामले में नरम रुख अपनाए हुए है। सीबीआइ और ईडी सरकार पर हमला क्यों नहीं कर रही। %राहुल गांधी के इस बयान को भाजपा नेताओं ने उत्तर भारतीयों का अनादर बताया है। भाजपा नेताओं ने राहुल गांधी को अवसरवादी करार दिया, जबकि वह और उनके परिवार के सदस्य कई बार अमेठी से संसद पहुंचे। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने ट्वीट किया कुछ ही दिन पहले वह (गांधी) पूर्वोत्तर में थे, देश के पश्चिमी भाग के खिलाफ जहर उगल रहे थे। आज दक्षिण में वह उत्तर के खिलाफ जहर उगल रहे हैं।

बांटो और राज करो की राजनीति काम नहीं करेगी, राहुल गांधी। लोगों ने इस तरह की राजनीति को खारिज कर दिया है। आप देख सकते हैं कि गुजरात में आज क्या हुआ।

## भाजपा राजस्थान कोर कमेटी की बैठक संपन्न, जेपी नड्डा दो मार्च को जाएंगे जयपुर

**जयपुर।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा दो मार्च को जयपुर में पार्टी की राजस्थान कार्यसमिति की बैठक को संबोधित करेंगे। भाजपा की कोर कमेटी की बैठक के बाद यह जानकारी दी गई। इस बीच, पार्टी ने विधानसभा में जनहित के मुद्दे नहीं उठाने देने को लेकर पार्टी के कुछ विधायकों की कथित नाराजगी को बड़ा मुद्दा नहीं कहकर दरकिनार करने की कोशिश की है। बैठक के बाद राष्ट्रीय महामंत्री व प्रदेश प्रभारी अरूण सिंह ने संवाददाताओं को बताया कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा दो मार्च को राज्य कार्यसमिति की बैठक को सम्बोधित करेंगे। उन्होंने कहा साथ ही वर्चुअल माध्यम से राज्यभर के पार्टी कार्यकर्ताओं को उनका मार्गदर्शन प्राप्त होगा। सिंह से जब विधायकों के एक धड़े में नाराजगी के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि अभी हमने चिट्ठी देखी नहीं है। हम इस बारे में पार्टी में बात करेंगे।

### मास्क न लगाने पर बोले चिकित्सा शिक्षा मंत्री-

## बीमारी आम और खास को देखकर नहीं आती, सभी लगाएं मास्क

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में कोरोना का संक्रमण बढ़ रहा है। इसको लेकर सरकार अलर्ट पर है। इस बीच विधानसभा के चल रहे सत्र में मंगलवार को कई जनप्रतिनिधि बिना मास्क के नजर आए। इस मामले पर बुधवार को मध्यप्रदेश के चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि बीमारी आम और खास को देखकर नहीं आती है। विधायक, सांसद या मंत्री या किसी भी वर्ग के लोग हों उन सभी को मास्क लगाना चाहिए। यह मास्क लगाना हमारे और हमारे परिवार की सुरक्षा के लिए है। निश्चित रूप से जनजागरण बहुत जरूरी है। मैं सभी से निवेदन करूंगा कि सभी अनिवार्य रूप से मास्क लगाएं। खास कर जहां भीड़ है या जब हम सार्वजनिक स्थान पर हों। सारंग ने कहा कि कोरोना पीड़ितों की संख्या बढ़ रही है। यह चिंता का विषय है। संक्रमण को रोकने के लिए जिला क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटी की बैठक हुई है। इसमें हर जिले की स्थिति के अनुसार कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कोरोना गया नहीं है। उसकी गति मध्यम हुई थी। मध्यप्रदेश सरकार ने मरीजों के इलाज के लिए समुचित व्यवस्था की है। महाराष्ट्र की सीमा से सटे जिलों में थर्मल स्क्रीनिंग की जा रही है। मास्क और सोशल डिस्टेसिंग के लिए जनजागरण अभियान भी चला रहे हैं। विधानसभा सत्र के दौरान कोरोना महामारी में किए गए खर्चे पर कांग्रेस श्वेत पत्र लाने की तैयारी कर रही है। जिसको लेकर मंत्री ने कहा कि कांग्रेस किस मुंह से श्वेत पत्र लाने की बात कर रही है। जब प्रदेश में कमलनाथ सरकार थी। उस दौरान कोरोना वायरस आ चुका था। कांग्रेस सरकार उस समय जैकलिन के ऊपर करोड़ों रुपए खर्च करने की तैयारी में थी। हमारी सरकार ने तो लोगों को लोगों कोरोना से बचाने का काम किया है। मंत्री ने कहा कि शिवराज सिंह चौहान को साधुवाद करता हूं।






ग्वालियर से प्रकाशित

दैनिक पुष्पांजली टुडे

राष्ट्रीय मासिक पत्रिका, ऑनलाइन न्यूज़ चैनल, पोर्टल, एंड्रॉयड ऐप

को

सम्पूर्ण भारत में नियुक्त करना है

ब्यूरो चीफ/रिपोर्टर

मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा, गुजरात, बिहार, झारखंड, उड़ीसा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, आंध्रप्रदेश, अरूणाचल प्रदेश, असम, गोआ, कर्नाटक, केरल

आदि राज्यों के जिला एवं तहसील स्तर पर मनोनीत करना है

सम्पर्क करें

जी.एस. प्लाजा सूर्य मंदिर रोड गोले का मंदिर, ग्वालियर मध्यप्रदेश

फोन: 0751-4901403

मो. 7879637585, 8770253710

Website-www.pushpanjalitoday.com

Email.- pushpanjalitoday@gmail.com



# आज धूमधाम से मनाया जाएगा मां रणकौशला देवी का जन्मोत्सव

**दबोह(अर्पित गुप्ता)**

भिण्ड जिले के एव उत्तरप्रदेश की अंतिम सीमा सिरसागण के वीर मलखान की तपोभूमि दबोह क्षेत्र में शक्तिपीठ मां रणकौशला देवी का आज दिनांक 25 फरवरी गुरूबार को जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया जायेगा।इसमें श्रद्धालुओं ने बताया कि शुल्क पक्ष की तेरस के दिन देवी मां की नवीन प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की गई,तभी से सभी श्रद्धालु शुल्क पक्ष की तेरस को मां रणकौशला माता का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाते आ रहे है एवं माता के जन्मोत्सव पर श्रीमद भागवत कथा,श्री राम कथा का भी आयोजन किया जाता है।मन्दिर पुजारी हलधर पंडा ने बताया कि मंदिर में गुरूबार को सुबह से ही भक्तों का मन्दिर पर आने का सिलसिला शुरू हो जाएगा और देर रात्रि तक चलता रहेगा मंदिर परिसर में नौ दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन भी किया गया है माता के जन्मोत्सव के दौरान विधि-विधान से हवन होंगा इसके बाद माता को तरह-तरह के व्यंजनों का भोग लगाया जाएगा उसके बाद श्रद्धालुओं को विशाल भंडारा प्रसादी वितरण की जाएगी जिसमें माता के जन्मोत्सव पर मध्यप्रदेश,उत्तरप्रदेश के सीमावर्ती जिलों से हजारो की संख्या में श्रद्धालुओं की आने की संभावना है माता रानी के भक्तों ने बताया प्राचीन समय से प्रसिद्ध स्थापित देवी मां की प्रतिमा सिद्ध मंदिर रेहकोला देवी के नाम से दूर दराज क्षेत्र में भी चर्चित हैं यहां मंदिर में आज भी भक्तों की मनोकामनाएं पूरी होती हैं,मंदिर के पुजारीयो ने बताया कि यहां नित्य मंदिर में सुबह के समय पूजा की सामग्री पुष्प आदि मंदिर में अर्पित मिलते है।।

**हजारों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन कर करेंगे प्रसादी ग्रहण**

**जगतजननी माँ रणकौशला देवी की महिमा:** दिन में तीन रूपों में मां के होते है दर्शन यहां श्रद्धालुओं को माता रणकौशला देवी दिन में तीन रूपो में भक्तो को दर्शन देती हैं मां का सुबह के समय अलग रूप होता हैं मध्यावकाश के बाद अलग और संध्या के अलग रूप में भक्तो को दर्शन होते हैं जो भक्त सच्चे मन से माता से अर्जी लगातें हैं संकट हरने बाली मां उनकी मनोकामनाएं निश्चय ही पूरी करती हैं बीते वर्षों में मंदिर परिसर में यज्ञों का भी आयोजन किया जा चुका है।

**माँ के मंदिर में अदृश्य शक्ति आज भी करती है देवी मां की पूजा:** रेहकोला देवी का मन्दिर 11वीं शताब्दी का बताया जाता है इसका निर्माण चन्देल राजाओं ने कराया था यहां माता की प्रतिमा की स्थापना आल्हा उदल के बड़े भाई सिरसा नरेश वीर मलखान एवं उनकी पत्नी गजमोतिन ने कराई थी मन्दिर परिसर से पूर्व दिशा में पांच किमी की दूरी पर पहूज(पुष्पावती) नदी के किनारे सिरसा की प्राचीन गढियों के ध्वंसावशेष मिलते हैं बताया जाता है कि सिरसा गढ़ की बावड़ी से लेकर रेंहकोला देवी के मन्दिर तक पाँच किमी तक भूमिगत सुरंग भी है जिससे रोजाना मलखान अपनी पत्नी महारानी गजमोतिन के साथ बावड़ी में स्नान कर देवी मन्दिर में ब्रह्ममुहूर्त में देवी की पूजा-अर्चना करने आते है अंचल में मान्यता है कि मलखान आज भी सूक्ष्म शरीर से माता की पूजा अर्चना के लिए नित्य मंदिर में आया करते है कालांतर में सिरसा की बावड़ी में जल स्तर बढ़ जाने से मन्दिर के गर्भगृह की ओर जाने वाले दरवाजे जलमग्र होकर लुप्त हो गए हैं मन्दिर के गर्भगृह में देवी माँ की और मोहक स्वर्ण प्रतिमा है श्रद्धालुओं को कुदरती ही अपनी ओर आकर्षित कराती है।

## संक्षिप्त समाचार



### कांग्रेस आई.टी. सेल भिण्ड ब्लॉक क्र0-2 की कार्यकारिणी घोषित की

**पंकज त्रिपाठी पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड( दैनिक पुष्पांजली टुडे )।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ जी के निर्देशानुसार एवं कांग्रेस आई.टी. सेल सोशल मीडिया के प्रदेश अध्यक्ष अभय तिवारी की अनुमती व कांग्रेस आई.टी. सेल के जिला अध्यक्ष शिशुपाल सिंह भदौरिया की सहमती पर भिण्ड ब्लॉक क्र0-2 के अध्यक्ष दीपक दुबे (दीपू) के द्वारा भिण्ड ब्लॉक की कार्यकारिणी निम्नानुसार नियुक्त की गई है। (ब्लॉक उपाध्यक्ष) अनिल शर्मा, मनीष दुबे, (ब्लॉक महासचिव) कमल जैन, ससांक तिवारी, आशीष तिवारी, रोहित लोधी, रानू शर्मा, (ब्लॉक सचिव) दुष्यांत कटारे को नियुक्त किया है। कार्यकारिणी घोषित मीरा कॉलोनी ब्लॉक अध्यक्ष दीपू दुबे के निवास पर की गयी। सभी नवनियुक्त पद अधिकारीयो का फूल-माला पहना कर स्वागत किया गया और सोशल मीडिया के सदउपयोग के बारे में जानकारी दी गई। इस मौके पर कांग्रेस आई.टी. सेल के जिला अध्यक्ष शिशुपाल सिंह भदौरिया, आई.टी. सेल के प्रदेश सचिव राघवेन्द्र कांकर, जिला उपाध्यक्ष अजय जैन, जिला महासचिव गौरव भारद्वाज, ब्लॉक अध्यक्ष अंकित पचैरी, हर्ष चैधरी, विजय कांकर ,गिर्राज पुरोहित ,छोटे मुदगल, सुमित झा, ब्रजेश पहलवान, मुख्य रूप से मोजूद रहे।

### भूमाफिया अतिक्रमण धारियों को कतई नही बक्सा जायेगाएसडीएम राजीब समाधिया

**केशब पंडित जी अम्बाह (पुष्पांजली टुडे)**

**अम्बाह।** आज दिनांक 24 फरवरी 2021 को अंबाह तहसील के अंतर्गत चंबल कॉलोनी के पास स्थित शासकीय सर्वे नंबर 1914/2 रकबा 0.072 को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया। अतिक्रमण हटाने की इस कार्यवाही में अनुविभागीय अधिकारी अंबाह श्री राजीव समाधिया के निर्देशन में तहसीलदार अंबाह श्री राजकुमार नागोरिया, मुख्यालय पटवारी शिबमोहन एवं राजस्व निरीक्षक अंबाह के साथ एवं नगर पालिका अंबाह, सिंचाई विभाग अंबाह के कर्मचारी एवं पुलिस बल के के सहयोग से कार्यवाही की गई। यह शासकीय भूमि पोरसा अंबाह मेन रोड पर स्थित है। एवं इसकी कीमत लगभग 2.5 करोड रुपए है।

### घायल अवस्था में नंदी महाराज को गौ रक्षकों ने दिया समय पर उपचार

**मालनपुर राहुल कुशवाह रिपोटर पुष्पांजली टुडे**



मालनपुर ज़िला भिंड में हरीराम की कुइया के पास एक नंदी काफ़ी दिन से घायल अवस्था में था नंदी महाराज को किसी ने जलाने की कोशिश की है जिसके कारण नंदी महाराज के पीछे का हिस्सा बुरी तरह से घायल हो चुका है गौ सेवक केशव पटेल (किशोरीलवर्स) एवं गौ रक्षक टीम मालनपुर द्वारा यथा संभव उपचार किया नंदी महाराज का उपचार यदि समय रहते ना किया गया तो नंदी महाराज शांत भी हो सकते है जिसकी सूचना गौ सेवक केशव पटेल ने शिकायत न.(13425192) में दर्ज करा दी लेकिन उस पर कोई कार्यवाही नही की गयी प्रशासन से अपील है कि वह जल्द से जल्द दी गयी याचिका पर कार्यवाही करे!

### अम्बाह जैन बगीची में उमड़ी श्रद्धालुओ की भीड़ सुन्दर काण्ड पाठ पर जमकर झूमे भक्त गण



**केशब पडित जी अम्बाह,पुष्पांजली टुडे**

आज जैन बगीची मे राज राजेश्वरी मॉ कैला देवी की असीम अनुकम्पा से कैलारस से आई पार्टी द्वारा सुन्दर काण्ड पाठ का बाचन किया गया इस आयोजन मे शहर के बरिष्ट समाज सेबी रमेशचन्द्र गुप्ता मेहम्बर द्वारा एकादशी उद्यापन के उपलक्ष में कराया गया शहर से आए समाजसेवी भक्तजनों ने जमकर लुफ्त उठाया डाई घन्टे चले इस रामायण पाठ पर शहर के भक्त जन भाब विभोर होगये इस अबसर पर नगर गणमान्य ब्यक्ति रबि गुप्ता राकेश मुकेश दिनेश प्रबीन रबि राजौरिया सुदामा पडित जी गजेन्द्र सिकरवार अन्य गणमान्य भक्तो ने रसपान किया

### अंत्येष्टि हेतु लकड़ी उपलब्ध कराई

**बदरवास से हरिओम परिहार की रिपोर्ट**

बदरवास नगर के वार्ड 9 मे निवासरत् हरिकिशन जाटव के भाई कई दिनो से बीमार चल रहा था आज शुबह 6 बजे हरिकिशन के भाई का निधन हो गया चूंकि हरिकिशन जाटव चार पहिये का ठेला चलाता है जिससे वह अपने परिवार का भरण पोषण बमुश्किल से कर पाता है एसे मे ही ये भीषण संकट परिवार पर एक बज्रपात की तरह गिरा है अब एसी संकटकालीन स्थिति में बदरवास नगर में विगत दो माह से निशुल्क जलसेवा कार्य करने वाले परमाल परिहार जी से हरिकिशन जाटव का संपर्क हुआ तो उन्होने तुरंत अंत्येष्टि हेतु लकड़ी उपलब्ध कराई और भविष्य मे भी हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया ।

### जिला स्तरीय संकट प्रबंधन समूह की बैठक सम्पन

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ भिण्ड**



दैनिक पुष्पांजली टुडे कलेक्टर श्री वीरेन्द्र सिंह रावत एवं पुलिस अधीक्षक श्री मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय संकट प्रबंधन समूह की बैठक आज कलेक्टर कार्यालय भिण्ड के सभागार में आयोजित की गई। बैठक में वन मण्डलाधिकारी श्री रोहतगी, सीईओ जिला पंचायत श्री आईएस ठाकुर, अपर कलेक्टर श्री अनिल कुमार चांदिल, डिप्टी कलेक्टर श्री विजय राय, सीएमएचओ डॉ अजीत मिश्रा, सीएमओ नगर पालिका भिण्ड श्री सुरेन्द्र शर्मा, पुलिस अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे कलेक्टर श्री वीरेन्द्र सिंह रावत ने एवं पुलिस अधीक्षक श्री मनोज कुमार सिंह ने बताया कि अभी हाल ही में कोरोना-19 के मरीज मिलने के कारण भोपाल एवं इन्दौर में राज्य सरकार द्वारा अर्लट जारी कर दिया गया है। राज्य सरकार द्वारा सभी जिलों के लिए कोरोना-19 के बचाव हेतु दिशा निर्देश जारी किए गए हैं जिसे बैठक में उपस्थिति अधिकारियों पढकर सुनाया गया। इसके साथ ही उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कोरोना-19 के बचाव हेतु जारी दिशा निर्देशानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। सीएमएचओ डॉ अजीत मिश्रा को निर्देशित किया कि पूर्व की तरह कोरोना-19 के संबंध में आवश्यक तैयारियां रखे।

## थानानिरिक्षक कैलिया को मिली बड़ी सफलता

### पकड़ा अवैध गुटखा गाड़ी के द्वारा मप्र से उप्र जा रहा था गुटखा

**कोंच(अर्पित गुप्ता)।**



पुलिस अधीक्षक डॉ.यशवीर सिंह व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ.अवधेश सिंह के निर्देशन में थाना कैलिया पुलिस को गस्त के दौरान एक बड़ी सफलता मिली है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार को गस्त के दौरान प्रभारी थाना निरीक्षक महेश कुमार ने अवैध राजश्री गुटखा व तम्बाखू पकडी है। इस दौरान प्रभारी थाना निरीक्षक महेश कुमार ने बताया कि क्षेत्र गस्त के दौरान उन्होंने मय पुलिस फोर्स के सलैया रोड कैलिया के पास से एक आपे गाड़ी पकड़ी।जिसमें 8 बोरी राजश्री गुटखा व दो बोरी तम्बाखू भरा हुआ था।कुल 10 बोरी जिसकी अनुमानित राशि 1 लाख 48 हजार रुपए है।वाहन चालक जगमोहन पुत्र उमाचरण निवासी थाना कोंच को पकड़ा।वाहन चालक से गाड़ी के कागजातों की मांग करने पर कोई भी कागज प्रस्तुत न करने पर पुलिस थाने लाकर संबंधित विभागों द्वारा खाद्य सुरक्षा अधिकारी वाणिज्य कर अधिकारी को अवगत करा कर आवश्यक कार्रवाई की गई। इस दौरान सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना निरीक्षक महेश कुमार के साथ उप निरीक्षक सुनील कुमार,ऋषि सिंह,सत्येंद्र कुमार आदि की मुख्य भूमिका रही

**इनका कहना:**
क्षेत्र में किसी भी प्रकार के अवैध कार्य को पनपने नही दिया जाएगा।अगर किसी भी व्यक्ति को क्षेत्र में हो रहे अवैध कार्य की सूचना मिलती है तो वह हमें अबगत करा सकता है।पुलिस द्वारा तत्काल कार्यवाही की जाएगी।
**महेश कुमारथाना निरीक्षक**

## बडौनी थाना प्रभारी रविन्द्र शर्मा ने

### राम मंदिर निर्माण के लिए की 11000 की राशि दान

**दतिया(अर्पित गुप्ता)**

**भव्य श्री राम मंदिर निर्माण के लिये धन संग्रह का क्रम निरंतर जारी है।रामभक्तो द्वारा नगर व क्षेत्र में भ्रमण कर घर-घर जाकर धनराशि का संग्रह किया जा रहा है।इसी क्रम में दतिया क्षेत्र के बडौनी थाना प्रभारी रविंद्र शर्मा ने भी भगवान श्री राम के भव्य मंदिर के निर्माण के लिए राशि का समर्पण किया है।यहां बता दें कि बडौनी थाना प्रभारी रविन्द्र शर्मा जी अपनी अलग की कार्यशैली से पहचाने जाते है और अब तक वह बालाघाट,पण्डोखर व अन्य जगहों पर अपनो सेवाएं दे चुके हैं।साथ ही अपनी कार्यशैली के चलते उन्हें क़ई बार सम्मानित भी किया जा चुका है।**



बडौनी थाना प्रभारी रविंद्र शर्मा ने राम मंदिर के निर्माण में अपनी एक अलग भूमिका निभाते हुए भगवान श्री राम के चरणों मे ग्यारह हजार रुपये की राशि दान की है।रविन्द्र शर्मा जी ने कहा कि श्री राम मंदिर के भव्य मंदिर निर्माण के लिए लोगों के मन में श्रद्धा का भाव है वह स्वयं आगे आकर सहयोग कर रहे हैं भव्य मंदिर निर्माण के लिए धन की कमी नहीं होने पाएगी।रविंद्र शर्मा जी ने यह समर्पण राशि डॉ.अनुराग साँवला,अजय मिश्रा,राजकुमार रावत,बॉबी राजा बुंदेला,सोम दुबे,कमलेश अहिरवार,रंजीत राजा की उपस्थिति में सौंपी।

## डकैतों ने घर में घुस लाखो रुपए की लूट

### एक को हथियार से जख्मी कर हुए फरार।

**पुष्पांजली टुडे न्यूज़ ग्वालियर**

**पश्चिम चंपारण सिकटा प्रखंड अंतर्गत गोपालपुर थाना क्षेत्र जग्रानाथपुर पंचायत के पटखौलीया गांव के मामला प्रकाश में आया है जहां पर बुधवार की रात्रि करीब 3:00 बजे डकैतों ने मुनीलाल महतो पिता स्वर्गीय गोधन महतो के घर में घुसकर बक्सा में रखा पैसा लेकर और मुनीलाल महतो को धरधार हथियार से जानलेवा हमला कर भाग निकले वही पीड़ित परिवार के मां मुस्मात बचनी देवी के द्वारा बताया जा रहा है**



कि तीन दिन पहले जमीन बिक्री कर पांच लाख रूपये और गहने बक्सा में रखा था डकैतों द्वारा घर में घुसकर पेटी तोड़ निकाल लिया गया और दूसरे रूम में सोए मेरे लड़के मुनीलाल महतो को धारदार हथियार से जानलेवा हमला करने लगे तो मेरा लड़का चिल्लाया तो मै घर से बाहर निकल हल्ला किए तो अलग बगल के लोग पहुंचा तब तक डकैतों ने हथियार लहराते भाग निकले। वही पीड़ित मुनीलाल महतो की मां के द्वारा तीन डकैतों की पहचान कर ली गई जो नथुनी मिया पिता नागा मिया,रोजीद मियां पिता बहादुर मिया,नबी अंसारी पिता आलम मिया सतगरही के रूप में कि है। ग्रामीणों द्वारा बताया जा रहा है कि हल्ला सुनने के बाद हम लोग वहां पर पहुंचे और पहुंचते ही घायल व्यक्ति को आनन-फानन में इलाज के लिए बेतिया मेडिकल हॉस्पिटल ले गए। वही गोपालपुर थाना अध्यक्ष सज्जाद गद्दी ने बताया कि यह मामला जमीनी विवाद को लेकर है। जो रात्रि में धारदार हथियार से जख्मी कर फरार हो गया है। पीड़ित परिवार द्वारा अभी तक आवेदन नहीं मिली है फर्द ब्यान होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी वहीं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी से पूछा गया तो उनके द्वारा बताया गया कि ऐसा कोई मामला नहीं है।



# समाजवादी पार्टी प्रदेश कार्यालय में मनाई गई संत गाडगे जयंती

**सोनु कुमार माथुर पुष्पांजली टुडे**

महान समाज सुधारक संत गाडगे बाबा की जयंती पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव ने कहा कि संत गाडगे आजीवन सामाजिक विषमता और अन्याय के खिलाफ संघर्षरत रहे। वे समाज को जागरूक करते रहे। संत गाडगे व्यर्थ के कर्मकाण्डी एवं खोखली परम्पराओं से दूर रहे। अस्पृश्यता और जाति प्रथा के वे प्रबल विरोधी थे। श्री यादव ने कहा कि संत गाडगे ने अपने समाज में शिक्षा का प्रकाश फैलाने के लिये 31 शिक्षण संस्थाओं की स्थापना की। बाबा गाडगे का बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर से भी निकट सम्बंध था। संत गाडगे का सम्पूर्ण जीवन और कार्य पूरे भारत के लिये प्रेरणास्रोत है। संत गाडगे जयंती समारोह में सर्वश्री पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी, मनोज पाण्डेय एवं संजय गर्ग विधायक, अरविन्द कुमार सिंह सदस्य विधान परिषद, डॉ0 रामकरन निर्मल प्रदेश अध्यक्ष लोहियावाहिनी, अरविन्द गिरी प्रदेश अध्यक्ष युवजन सभा भी कार्यक्रम में शामिल रहे। इस अवसर पर सर्वश्री डॉ0 भूपेन्द्र दिवाकर प्रदेश महासचिव अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ, सुनील दिवाकर, सोनू कन्नौजिया, निखिल कन्नौजिया, सतीश शर्मा समर, शरद कन्नौजिया, मोनू कन्नौजिया पार्षद, विनोद कन्नौजिया, प्रवीण दिवाकर, राहुल कन्नौजिया, डॉ0 विकासदीप वर्मा, चन्द्र प्रकाश कन्नौजिया, अनूप निर्मल, सुमन दिवाकर, जय प्रकाश दिवाकर, श्रवण कन्नौजिया, संजय कन्नौजिया, हनुमान कन्नौजिया, धर्मेन्द्र कन्नौजिया, रजनीश कन्नौजिया, आर कन्नौजिया, धर्मेन्द्र कन्नौजिया, राम सागर यादव, अमन चौधरी, वीरू पाल, हरिकेश पहलवान आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# अजीतमल अस्पताल के मुख्य द्वार पर भरा पानी



**पुष्पांजली टुडे अभिषेक अंकित औरैया।**

अजीतमल अस्पताल के मुख्य द्वार पर भरा पानी जिससे लोग अस्पताल में अंदर जाने के लिए परेशान जिससे दूसरे द्वार का कर रहे हैं प्रयोग स्वास्थ्य केंद्र अधिकारियों की इस घटना पर अभी तक नजर न पहुंची बताया जा रहा है कुछ दिनों पहले नाला निर्माण कार्य के कारण नाले का पानी सड़क पर निकाला गया था वह पानी यहां आकर भर गया था जो आज तक साफ ना हुआ ऐसे में झमजमाते पानी के निकल रहे लोग। जिससे लोगो भी निकलने को हुए मजबूर पर कोरोना काल मे अस्पताल कि यह समस्या चिंता जनक है क्योंकि कोरोना ने कुछ राज्यों मे दुबारा दस्तक दे दी।

## संक्षिप्त समाचार

### पोरसा में रोजगार मेला आज

**मुरैना।** रोजगार मेला 25 फरवरी को पोरसा जनपद के सभागार में प्रातः 11 से 4 बजे तक आयोजित किया जायेगा। जिसमें मध्यप्रदेश डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत रोजगार मेले का आयोजन किया गया है।

### जिला स्तरीय समिति की बैठक आज

**मुरैना।** परियोजना मुरैना शहरी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं, उपकार्यकर्ताओं की अनन्तिम सूची पर प्राप्त दावे-आपत्ति के निराकरण हेतु जिला स्तरीय समिति की बैठक 25 फरवरी 2021 को प्रातः 11 बजे नवीन जिला पंचायत के सभागार में आयोजित की गई है। बैठक में जिन-जिन व्यक्तियों द्वारा अपनी आपत्ति दर्ज कराई है, वह बैठक में निर्धारित समय एवं स्थान पर मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित रहें।

### चंबल भवन में लागू हुई ई-ऑफिस प्रणाली

**मुरैना।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा ई-ऑफिस कार्य प्रणाली हेतु सभी संभागायुक्त, कलेक्टर्स एवं शासन के सभी अधीनस्थ कार्यालयों में लागू किये जाने के समय-समय पर निर्देश जारी किये गये है। शासन के निर्देशों के पालन में चंबल कमिश्नर श्री आशीष सक्सेना ने 1 फरवरी 2021 से ई-ऑफिस कार्य प्रणाली लागू कर कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया है। निर्देशों के पालन में संयुक्त आयुक्त विकास श्री राजेन्द्र सिंह, संभागीय सलाहकार श्री आकाश शुक्ला, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी सुश्री अभिलाषा जैन के सहयोग से सभी कार्यालयीन अधिकारी, कर्मचारियों के ई-मेल आईडी व पासवर्ड जनरेट कराये गये है।

### परीक्षाओं के प्रश्न-पत्र मुद्रण, ब्लूप्रिंट और मूल्यांकन पद्धति में नही होगा कोई परिवर्तन

**मुरैना।** माध्यमिक शिक्षा मंडल परीक्षा वर्ष 2020-21 के लिये पूर्व वर्षों के अनुसार ही प्रश्न-पत्र मुद्रण, ब्लूप्रिंट एवं मूल्यांकन पद्धति को यथावत रखते हुए परीक्षाएँ आयोजित करेगा। उल्लेखनीय है कि कोविड संक्रमण के कारण लॉकडाउन होने से इस सत्र में शैक्षणिक व्यवस्था विपरीत रूप से प्रभावित हुई है। नियमित कक्षाओं में पूर्ण उपस्थिति न होने के कारण सभी विद्यार्थियों के परीक्षा परिणामों पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। ` वर्ष की भांति ही रखने का निर्णय लिया है।

### किसान पंजीयन की अंतिम तिथि आज

**मुरैना।** रबी विपणन वर्ष 2021-22 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिये ई-उपार्जन पोर्टल पर किसानों का पंजीयन कराने की 25 फरवरी है। निर्धारित समय-सीमा में किसान अपना पंजीयन करवा सकते हैं। जिन किसानों को किसान पंजीयन विगत वर्ष के पंजीयन में ओटीपी मोबाइल नम्बर पर नहीं आता है तो उन्हें सलाह दी जाती है कि पंजीयन में ओटीपी उनके द्वारा अपने आधार नम्बर में दर्ज मोबाइल नम्बर पर प्राप्त होता है, अतः ओटीपी नहीं आने पर वे अपने आधार नम्बर में आधार सेन्टर पर जाकर अपने आधार नम्बर में मोबाइल नम्बर सुधार करवा लें।

# लोक अदालत का आयोजन आगामी 10 अप्रैल को

**भिण्ड ।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिण्ड श्री गजेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार 10 अप्रैल 2021 को आयोजित होने वाली आगामी नेशनल लोक अदालत की सफलता हेतु अपर जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिण्ड श्री सुनील दण्डौतिया के द्वारा नगर पालिका, फूप, अकोड़ा एवं भिण्ड के अधिकारीगणों एवं विद्युत विभाग के अधिकारीगणों के साथ आयोजित मीटिंग में लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारीगणों से विस्तृत रूप से चर्चा कर उनसे लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण हेतु निर्देशित किया गया। भिण्ड जिले में नगर पालिका एवं विद्युत के प्रीलिटिगेषन मामलों के निराकरण संबंधी आवष्यक दिषा निर्देश मीं

# शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय बेवीनार का आयोजन किया गया



**मुरैना।** शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मुरैना के भौतिक शास्त्र विभाग में बुधवार को विश्व बैंक परियोजना अंतर्गत राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन गूगल मीट तथा यूटयूब की सहायता से रिसेन्ट ट्रेन्ड इन नेनो टेक्नोलॉजी फॉर सस्टेनेबल डवलपमेन्ट विषय पर आयोजित किया गया जिसमें विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ पीके जैन वैज्ञानिक एवं हेड सेंटर फॉर कार्बन मटेरियल हैदराबाद ने अपने विचार प्रस्तुत किये। उन्होंने नेनोटेक्नोलॉजी का दैनिक जीवन में उपयोग सहजता से समझाया। चाय के स्वाद की पहचान के लिये कार्बन नेनो जिव्हा की भूमिका पर प्रकाश डाला तथा स्टील्थ विमानों में विद्युत चुंबकीय तरंगों के अवशोषण में कार्बन नेनो जिव्हा की भूमिका पर प्रकाश डाला। डॉ कमलेश यादव सहायक प्राध्यापक सेन्ट्रल यूनिवर्सिटी भटिन्डा ने पोलिमर, नेनौ मटेरियलस तथा इससे जुडे सभी विषयों पर सारगर्भित विचार प्रस्तुत किये तथा नैनो टेक्नोलॉजी विषय को सभी प्रतिभागियों को अत्यंत सहजता से समझाया। इसकी अध्यक्षता डॉ सीएल गुप्ता प्राचार्य ने की। डॉ एन के भारद्वाज ने वेबीनार का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया। डॉ नेहा कनौजिया तथा डॉ आरके भदकारिया द्वारा वैबीनार का सफ्ल संचालन किया गया। डॉ एके उपाध्याय विभागाध्यक्ष भौतिक शास्त्र ने आभार प्रकट किया। डॉ एएस गहलौत, डॉ आरपी सिंह, डॉ आरएल सखवार, डॉ सुनीता सिंह, डॉ भूप सिंह यादव, डॉ मंजूलता शर्मा, डॉ अलका यादव, प्रो लोकेश झा, श्री हरिओम गौड, श्री अनिल हर्षाना, श्री डीपी इंदौलिया तथा श्री राकेश कुमार वेबीनार में उपस्थित रहे।

# बगैर रॉयल्टी के गाड़ी नहीं निकलें - चंबल कमिश्नर सक्सेना

**मुरैना।** चंबल संभाग के कमिश्नर श्री आशीष सक्सेना ने कलेक्टर श्री बी.कार्तिकेयन और पुलिस अधीक्षक श्री सुनील कुमार पाण्डे को निर्देश देते हुये कहा है कि रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन पर पूरी तरह से अंकुश लगाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि अल्लावेली नाका, छौंदा टोल नाका सहित अन्य नाकों पर कोई भी रेत की ट्रॉली बगैर रॉयल्टी के नहीं निकल पायें। इन नाकों पर पुलिस और राजस्व का अमल जांच के लिये तैनात करें। कमिश्नर ने कहा कि जो भी बिल्डिंग निर्मित हो रही है, उन बिल्डिगों के ठेकेदारों के यहां जो रेत आ रही है, वह रॉयल्टी चुका कर आ रही है अथवा बगैर रॉयल्टी के आ रही है, अगर बगैर रॉयल्टी के रेत आ रही है, तो उनके खिलाफ कार्रवाही की जाये। कमिश्नर ने नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिये कि सड़कों पर पड़े कंडम वाहनों, जगह-जगह पड़ी गिट्टी को तत्काल उठवायें, ताकि यातायात व्यवस्था और सुगम हो सके। उन्होंने कहा कि हाथ ठेला वालों को हॉकर्स जोन में भिजवायें। उन्होंने कहा कि 2016 का बैल्डर एक्ट है, इसके तहत फुटपाथियों को वेल्डर सर्टिफिकेट दें। उन्हें हॉकर्स जोन में ठहरायें। इसके लिये जनप्रतिनिधियों से भी चर्चा करें। चंबल-ग्वालियर कमिश्नर ने कहा है कि नगर निगम अपने आर्थिक स्त्रोतों को बढ़ायें, उन्होंने नगर निगम कमिश्नर से कहा कि मकानों एवं भवनों के निर्माण होने से पूर्व उन्हें विधिवत निर्माण की अनुमति दें।

इससे नगर निगम की इनकम बढ़ेगी। उन्होंने संपत्ति कर, जलकर लगाने के भी निर्देश दिये। चंबल कमिश्नर श्री आशीष सक्सेना ने लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री एवं संभागीय शासकीय भवन आवंटित समिति के सचिव श्री जादौन को निर्देश दिये कि सरकारी आवास खाली नहीं रहना चाहिये। जितने आवास खाली है, आज की बैठक के

# जिले की व्यवस्थाओं को लेकर क्राइसिस मैनेजमेंट समूह की बैठक आयोजित

**शिवपुरी।** अभी महाराष्ट्र में फिर से कोरोना केस की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। ऐसे में सावधानी बरतना सभी के लिए जरूरी है जिससे हम सभी सुरक्षित रहें। मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में



कोरोना के प्रति जागरूकता को लेकर क्राइसिस मैनेजमेंट समूह की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ एवं प्रभारी कलेक्टर एचपी वर्मा, पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल, अपर कलेक्टर आर एस बालोदिया, विधायक प्रतिनिधि श्री भागीरथ बाथम सहित समूह के सदस्य, शहर के गणमान्य नागरिक एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। क्राइसिस मैनेजमेंट की बैठक में चर्चा करते हुए सदस्यों ने कहा कि अभी भी कोविड-19 के प्रति हम सभी को सतर्क होने की जरूरत है इसलिए सभी आमजन से भी यह अपील की जाती है कि भीड़ भाड़ में जाते समय सभी मास्क का उपयोग अवश्य करें। सेनेटाइजर का उपयोग करें। सभी के सहयोग से शहर में सार्वजनिक सैनिटाइजर स्टेशन लगाए गए हैं। जिला पंचायत सीईओ श्री वर्मा ने नगरपालिका अधिकारी को भी निर्देश दिए है कि इनकी मॉनिटरिंग व रखरखाव किया जाये। टंकियों में पानी की आपूर्ति पर्याप्त रूप से रहे ताकि आमजन इसका उपयोग कर सकें।

# अम्बाह में शासकीय भूमि अतिक्रमण से मुक्त



**मुरैना।** अम्बाह तहसील के अंतर्गत चंबल कॉलोनी के पास स्थित शासकीय सर्वे नंबर 1914/2 रकबा 0.072 को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया। अतिक्रमण हटाने की इस कार्यवाही में अनुविभागीय अधिकारी अंबाह श्री राजीव समाधिया के निर्देशन में तहसीलदार अंबाह श्री राजकुमार नागोरिया, मुख्यालय पटवारी एवं राजस्व निरीक्षक अंबाह के साथ एवं नगर पालिका अंबाह, सिंचाई विभाग अंबाह के कर्मचारी एवं पुलिस बल के सहयोग से कार्यवाही की गई। यह शासकीय भूमि पोरसा अंबाह मेन रोड़ पर स्थित है एवं इसकी कीमत लगभग 2.5 करोड रुपए है।

## पंचवर्षीय योजना में निगम, स्वास्थ्य एवं शिक्षा पर दिया जोर

# निगम के अन्तर्गत पंचवर्षीय योजना के प्रजेन्टेशन का चंबल कमिश्नर ने किया अवलोकन

**मुरैना।**

**प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की पहल पर प्रदेश के सभी जिलों में पंचवर्षीय कार्य योजना पर प्लानिंग का कार्य चल रहा है, जिसमें 2021 से 2026 तक निगम, स्वास्थ्य और शिक्षा में प्लानिंग के हिसाब से प्रगति लाने के निर्देश दिये है। इसके तहत चंबल कमिश्नर श्री आशीष सक्सेना की अध्यक्षता में नवीन कलेक्ट्रेट सभागार में निगम द्वारा पंचवर्षीय योजना की प्लानिंग के प्रजेन्टेशन पर अवलोकन कराया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री बी. कार्तिकियन ने भी अपने नवीन सुझाव बीच-बीच में प्रस्तुत किये। प्रजेन्टेशन के समय अपर कलेक्टर श्री उमेशप्रकाश शुक्ला, संयुक्त आयुक्त विकास श्री राजेन्द्र सिंह, नगर निगम कमिश्नर श्री अमरसत्य गुप्ता, एसडीएम श्री आरएस बाकना, स्वास्थ्य, शिक्षा सहित नगर निगम के अन्तर्गत चल रहे निर्माण कार्य को देख रहे संबंधित अधिकारी एवं सीवर निर्माण के ठेकेदार उपस्थित थे।**

चंबल कमिश्नर श्री आशीष सक्सेना ने कहा है कि पंचवर्षीय योजना विशेषकर शहर के सौन्दर्यीकरण के लिये बनाया जाना है, जिसमें सड़क, आवास, लोंगो को रोजगार, बस स्टेण्ड, नाले-नालियां, प्रकाश, पेयजल, ट्रीटमेन्ट प्लान, गौशालायें एवं डोर टू डोर कचरा गाड़ी तथा सूख कचरा, गीला कचरा अलग-अलग संग्रहित हो। इसके लिये आगामी प्लानिंग के हिसाब से तैयारी की जाये। जितने लोंगो को आवास आवंटित किये जाये, उन लोंगो को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभ भी दिलाना सुनिश्चित किया जाये। चंबल कमिश्नर ने सर्वप्रथम स्वच्छ सर्वेक्षण, ओडीएफप्लस-प्लस की समीक्षा की, जिसमें जिले की रैकिंग 50वें स्थान पर बताई गई है। चंबल कमिश्नर ने स्वच्छता एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के संबंध में विस्तार से पी.पी.टी. में संशोधन



एवं सुधार की बात कही। चंबल कमिश्नर ने बताया कि निगम के अन्तर्गत 47 वार्ड है, जिसमें मात्र 24 वार्डो में सीवर निर्माण का कार्य चल रहा है। जिसमें सीवर ट्रीटमेन्ट प्लान की क्षमता एवं सीवर लाइन की जानकारी ली। जिसमें 154 किलोमीटर की सीवर लाइन का कार्य पूर्ण होना बताया गया, तथा 2 लाख पॉपुलेशन (जनसंख्या) के हिसाब से निर्माणाधीन ट्रीटमेन्ट प्लान की जानकारी दी। इसके बाद चंबल कमिश्नर ने प्रधानमंत्री आवास की आने वाले दिनों में जनसंख्या के आधार पर नवीन आवासों की आवश्यकता की प्लानिंग पर विस्तार से निर्देश दिये। जल प्रदाय योजना के संबंध में चंबल कमिश्नर श्री सक्सेना ने कहा कि आने वाले दिनों में 5 लाख जनसंख्या के मान से 135 लीटर प्रति व्यक्ति के हिसाब से पानी की आवश्यकता रहेगी। इसके पुख्ता प्रबंध हो। शहरों की सड़क, प्रकाश, रोड़ नेटवर्क एवं कनेक्टविटी बेहतर रहे। शहर में ऐसी रोड़ का निर्माण किया जाये, जो शहर की लाइफ लाइन या लिंक रोड़ के नाम से जानी जाये। उन्होंने देवरी गौशाला पर जैविक खाद की रूपरेखा एवं आने वाले दिनों में लोंगो को रोजगार, सामाजिक सुरक्षा आदि पर विशेष फोकस रखने के निर्देश दिये। उन्होंने शहर में बस स्टेण्ड परिसर में बसों की क्षमता की जानकारी ली एवं मुरैना जिले के अन्तर्गत टूरिस्ट हब बनें, इसके लिये रोड़ एवं मुरैना जिले से पहुंच मार्ग सुंदर एवं सांकेतिक बनें, जिससे लोग आसानी से पहुंच सकें। उन्होंने कहा कि एक जिला एक उत्पाद के तहत भी अच्छा कार्य होना चाहिये, जिसमें हनी या गजक पर विशेष फोकस रहे। चंबल कमिश्नर श्री सक्सेना ने कहा है कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में 2026 तक लोंगो को स्वास्थ्य सुविधायें मिले, इसके लिये प्लानिंग तथा 300 बिस्तर वाला अस्पताल नवनिर्मित हो रहा है, वहां तक एप्रोच रोड़ सुंदर बनें, जिससे हमारा अस्पताल नम्बर-1 कहलाये। चंबल कमिश्नर ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में दिनों दिन जिला प्रगति करें, इसके लिये अगली पंचवर्षीय योजना में विद्यालय, शिक्षक एवं विद्यालयों में आवश्यक सुविधायें मौजूद रहें। इस प्रकार की प्लानिंग के साथ अपडेट रहें।

## संपादकीए

### दक्षिण भारत कांग्रेस मुक्त

अंततः दक्षिण भारतीय केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में भी कांग्रेस की सरकार गिर गई। वी. नारायणसामी के नेतृत्व वाली कांग्रेस की सरकार सोमवार को विधानसभा में बहुमत साबित नहीं कर पाई और विश्वास मत हारने के बाद मुख्यमंत्री वी. नारायणसामी ने राजभवन जाकर उपराज्यपाल तमिलिसाई सुंदरराजन को अपना इस्तीफा सौंप दिया। पिछले कई दिनों से कई विधायकों के इस्तीफे के बाद कांग्रेस-द्रमुक गठबंधन सरकार के पास सदन में संख्याबल घटकर 11 रह गया था, जबकि विपक्ष के पास 14 विधायक थे। कांग्रेस के भीतर पिछले दो वर्षों से नारायणसामी को हटाने के लिए कई महत्वपूर्ण कांग्रेसी नेता पिछले दरवाजे से कोशिश कर रहे थे। लेकिन राहुल गांधी और प्रियंका वाड्रा उन्हें रोकते रहे थे। नमशिवायम नाम के कांग्रेस के एक बहुत ही वरिष्ठ मंत्री को आगे बढने् का मौका नहीं मिल रहा था, इसलिए वह कांग्रेस से इस्तीफा देकर भाजपा में चले गए। वह आगामी चुनाव में मुख्यमंत्री बनना चाहते थे। लेकिन राहुल गांधी ने आगामी चुनाव के लिए भी नारायणसामी को ही मुख्यमंत्री का चेहरा बताया। तभी से कांग्रेस में असंतोष था। इधर कांग्रेस के कई विधायकों ने विधानसभा से इस्तीफा दे दिया। इसी का नतीजा है कि नारायणसामी सरकार ने अपना बहुमत खो दिया। एक तरह से देखें, तो कांग्रेस मुक्त भारत का जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नारा था, वह दक्षिण भारत में पूरा हो गया है। सच्चाई यह है कि दक्षिण भारत के किसी भी राज्य में अब कांग्रेस की सरकार नहीं बची है। इस घटनाक्रम का राजनीतिक महत्व यह है कि अन्नाद्रमुक इस बार तमिलनाडु में पूरी ताकत के साथ चुनाव लड़ेगी और पुडुचेरी उसने भाजपा के लिए छोड़ दिया है। उम्मीद की जा रही है कि आगामी चुनाव में पुडुचेरी में भाजपा सत्ता में आ जाएगी, क्योंकि एन रंगास्वामी को मुख्यमंत्री का चेहरा बनाकर अन्नाद्रमुक, एनआर कांग्रेस और भाजपा गठबंधन को 15 से 16 सीटें मिल जाएंगी। वहां सात सीट अन्नाद्रमुक को और पांच-छह सीटें भाजपा को मिल सकती हैं। तीन मनोनीत सदस्यों की सीटें भी भाजपा को मिलेंगी। यानी कांग्रेस के लिए मुश्किलें और बढने् वाली हैं। पुडुचेरी की इस सियासी हलचल का असर निश्चित रूप से तमिलनाडु की राजनीति पर भी पड़ेगा। तमिलनाडु में अन्नाद्रमुक और द्रमुक के बीच कांटे की लड़ाई है। इसी तरह पुडुचेरी में भी दोनों के बीच कड़ी टक्कर है। लेकिन नरेंद्र मोदी और अमित शाह की जोड़ी के चलते इन दोनों राज्यों में इस बार के चुनाव में भाजपा अपनी गहरी पैठ बनाएगी। 234 सीटों वाली तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में भाजपा 25 सीटों पर चुनाव लडने् वाली है, जिसमें से पांच-छह सीटों पर उसके जीतने की संभावना है। इसी तरह पुडुचेरी में भी भाजपा पांच से छह सीटों पर जीत हासिल कर सकती है। यानी जहां-जहां कांग्रेस मजबूत थी, वहां-वहां भाजपा अपनी पैठ जमाती जा रही है। अब सवाल उठता है कि वी. नारायणसामी सरकार के पतन के बाद आखिर पुडुचेरी का क्या होगा। उप राज्यपाल के पास क्या विकल्प है? क्या वहां फिर से कोई नई सरकार बनेगी अथवा राष्ट्रपति शासन लगाया जाएगा?

# चुनावी मौके पर पेट्रोल का कीमत कनेक्शन?

अभिमनोज

**राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों के 2018 के विधानसभा चुनावों में बीजेपी को हार मिली, परन्तु लोकसभा चुनाव- 2019 से पहले आर्थिक आधार पर आरक्षण जैसा चुनावी प्रसाद बांट कर 2019 का चुनाव जीत लिया. अभी पेट्रोल-डीजल के रेट, किसानों के मुद्दे आदि को लेकर भले ही जनता नाराज़ हो, लेकिन 2024 के चुनाव से पहले फिर चुनावी प्रसाद बांट कर चुनाव जीतने की कोशिश होगी. देखना दिलचस्प होगा कि सियासी काठ की हांडी कितनी बार चढ़ती है?**

नज़रिया. पेट्रोल-डीजल के रेट को लेकर जनता भले ही परेशान हो, लेकिन केन्द्र सरकार इसे लेकर कोई बड़ी राहत दे, ऐसा लगता नहीं है, अलबत्ता राज्य सरकारों ने जरूर पहल की है, लेकिन इनका भी चुनाव के अवसर पर कीमत कनेक्शन नजर आ रहा है! लोकसभा चुनाव 2019 जीत जाने के बाद मोदी टीम को अच्छी तरह से पता चल गया है कि जनता की याददाश्त बेहद कमजोर होती है, लिहाजा चुनाव से पहले छोटे-मोटे फायदे मिल गए, तो पुराने दर्द जनता अक्सर भूल जाती है? केन्द्र सरकार




द्वारा मध्यमवर्ग की उपेक्षा को लेकर पहले भी जनता नाराज़ थी, जिसके नतीजे में राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों के 2018 के विधानसभा चुनावों में बीजेपी को हार मिली, परन्तु लोकसभा चुनाव- 2019 से पहले आर्थिक आधार पर आरक्षण जैसा चुनावी प्रसाद बांट कर 2019 का चुनाव जीत लिया. अभी पेट्रोल-डीजल के रेट, किसानों के मुद्दे आदि को लेकर भले ही जनता नाराज़ हो, लेकिन 2024 के चुनाव से पहले फिर चुनावी प्रसाद बांट कर चुनाव जीतने की कोशिश होगी. देखना दिलचस्प होगा कि सियासी काठ की हांडी कितनी बार चढ़ती है?

खबर है कि पेट्रोल पर टैक्स कम करने वाले राज्यों में चुनावी राज्य पश्चिम बंगाल भी शामिल हो गया है. राज्य सरकार ने यहां पेट्रोल और डीजल पर 1 रुपया वैट कम कर दिया है. यह बात अलग है कि पेट्रोल और डीजल पर वैट सबसे पहले राजस्थान ने कम किया था, जहां पिछले माह वैट 38 प्रतिशत से 36 प्रतिशत किया गया था. चुनावी राज्य असम ने भी 12 फरवरी 2021 को 5 रुपये टैक्स में कम किये थे. मेघालय ने सबसे ज्यादा राहत दी है, जहां राज्य सरकार ने पेट्रोल पर 7.40 रुपये और डीजल पर 7.10 रुपये कम किये हैं. बहरहाल, पेट्रोल से ही मोदी सरकार मजे से चल रही है, इसलिए यदि जनता के अच्छे दिन आ गए, तो सरकार के अच्छे दिन कहां बचेंगे?

# जिले की ऐतिहासिक विरासत देवगढ किला

आर्यन मारवाणी

देवगढ़ सतपुड़ा की वादियों में छिंदवाड़ा से 37 किलोमीटर दूर स्थित एक गौरवशाली ऐतिहासिक राज्य का केंद्र रहा है जिसका प्रादुर्भाव वर्तमान बैतूल जिले के खेरला राज्य से माना जाता है यद्यपि कुछ इतिहासकार इसे ''गढामंडला'' से जोड़कर भी देखते हैं तथा संग्रामशाह (1480 से 1530 ई0) के द्वारा देवगढ़ राज्य की स्थापना मानी जाती है परिशियन इतिहासकार फिरिश्ता द्वारा उल्लेखित है कि सन 1398 ई0 में खेरला के राजा नरसिंगराव जोकि अपार धन संपदा और शक्ति का स्वामी था, के द्वारा गोंडवाना क्षेत्र के सभी राजाओं को जीत लिया था। यद्यपि इस तथ्य को भी कम करके नहीं देखा जा सकता है, जिसमें संग्रामशाह का शासन वर्तमान दमोह सागर से लेकर नर्मदा घाटी क्षेत्र भोपाल तक एवं सिवनी सतपुड़ा के क्षेत्रों तक रहा था। संग्रामशाह की मृत्यु सन 1530 ई0 में होने के बाद उसके पुत्र दलपत शाह की भी मृत्यु (सन 1548 ई0) में होने के बाद ''गोंडवाना'' साम्राज्य गौरवरानी दुर्गावती के अव्यस्क पुत्र नारायण शाह के संरक्षक के तौर पर लगभग 16 वर्ष तक सुदृढ़, सक्षम और लोक कल्याणकारी शासन किया जाता रहा। दिल्ली की सत्ता में सन 1526 ई0 से अकबर का शासन निरंतर दृढ़ होता आ रहा था। वर्ष1564 ई0 में आसफखॉ जोकि अकबर का सिपेहसलार था, के द्वारा रानी दुर्गावती के ऐश्वर्य और ख्याति को सुनकर राज्य पर आधिपत्य प्राप्त करने की नियत देवगढ का किला से हमला किया।



रानी द्वारा विशाल मुगल सेना का वीरता से मुकाबला करते हुए अपने प्राण निछावर कि यद्यपि इसके बाद भी लगभग 25 वर्षों तक गड़ा मंडला के शासक कुछ सीमाओं के साथ शासन करते रहे, किंतु इस चुनौतीपूर्ण स्थिति का लाभ उठाते हुए दो गवली सामंत रनसूर धनसूर ने देवगढ़ की सत्ता हथिया ली और स्वतंत्र राज्य की घोषणा कर दी संयोग से यह साल 1560 ई0 ही था इन गवली सरदारों ने अपने आप को गड़ा मंडला से स्वतंत्र किया था। देवगढ़ एक शक्ति केंद्र के रूप में प्रादुर्भाव का श्रेय जिस जाटवशाह (1570से 1620 ई0) के जन्म एवं राज्य प्राप्त करने की कहानी रहस्य पूर्ण है। सन 1907 ई0के जिला छिंदवाड़ा के गजेटियर जिसका संकलन आईसीएस ऑफिसर आरव्ही रसैल ने किया था मैं इसका हवाला है कि जाटवा जोकि गोंड राजवंश का निर्माता था इसका जन्म एक कुवारी मां से हुआ था वह असाधारण शक्ति का स्वामी था युवावस्था में कार्य की खोज में वह रनसूर धनसूर गवली सरदारों के पास नौकरी करने पहुंचा अपनी असाधारण वीरता से उसने सैनिकों में अलग स्थान बनाया उसकी क्षमता से भयभीत होकर किसी बहाने से उसे समाप्त करने की दृष्टि से दिवाली के दूसरे दिन होने वाले देवीय की परंपरागत पूजा में देवी को बली देने हेतु लकड़ी की तलवार से भैसा का वध करने का आदेश दिया। ऐसी विसंगत स्थिति में भी जाटवा ने भैंसा का तो वध किया ही साथ ही दोनों गवली भाइयों रनसुर धनसुर का भी वध कर करते हुए गौड राजवंश की देवगढ़ में नीव डाली''आईने अकबरी'' में उल्लेखित है कि जाटव शाह के पास अपनी सुव्यवस्थित सेना थी वह उसके पास 2000 घुडसवार 50000 पैदल एवं 100 से ज्यादा हाथियों से सुसज्जित सेना थी। जाटवा एक कुशल शासक था उसने 50 वर्ष के अपने शासनकाल में राज्य का पर्याप्त विस्तार किया जिसमें नागपुर और छिंदवाड़ा भी शामिल था। जाटवा न केवल देवगढ़ के किले का निर्माण कराया साथ ही पाटन सावंगी और नागरधन विदर्भ के इन मुख्यालय को बसाया सन 1620 ई0 में उसकी मृत्यु के पश्चात कोकशाह उनका पुत्र सत्तासीन हुआ सन 1640 ई0 में उसकी मृत्यु के पश्चात कोकशाह का पुत्र जाटवा द्वितीय ने देवगढ़ का राज्य संभाला जाटवाशाह द्वितीय की मृत्यु सन 1657 ई0 में हुई। उसका पुत्र कोकशाह द्वितीय विलासी प्रकृति का राजा था यद्यपि उसका शासन लगभग 30 वर्षों तक रहा। सन 1687 ई0 में उसकी मृत्यु के पश्चात वख्तशाह ने राज्य का शासन संभाला किन्तु भाइयों की आपसी लड़ाई में उसके दूसरे भाई दीनदारशाह ने अपदस्थ कर राज्यकी सत्ता अपने हाथों में ले ली। विवश होकर वख्तशाह ने दिल्ली के केंद्रीय शासन में औरंगजेब से सहायता चाही। इस्लाम धर्म स्वीकारने के बाद ही ''वख्त बुलंद'' की उपाधि प्रदान की गई, उसने मुगल सैनिक की टुकड़ी की मदद से देवगढ़ के राज्य में पुनः राज्य अधिकार प्राप्त कर लिया। वर्तमान में देवगढ़ का किला एवं अन्य संरचनाओं का स्वरूप जो हम देखते हैं उसे विशेषज्ञों ने वख्त बुलंदशाह द्वारा परिमार्जित कर मुगल शैली एवं स्थापत्य की अनुरूप किया जाना स्वीकारा है। अपने अंतिम समय में जब औरंगजेब की स्थिति मराठों से निरंतर होने वाले युद्ध से लगातार कमजोर होती जा रही थी, तब वख्तबुलंद ने देवगढ़ को स्वतंत्र राज्य घोषित कर लिया था। यह भी माना जाता है कि कालांतर में वख्तबुलंद ने पुनः हिंदू धर्म को स्वीकार कर लिया था।

## चिंतन मंथन

### दुःखी होने की बजाय दुख का उपचार करें

लोगों से अपने सुना होगा कि संसार में दुख्ख ही दुख्ख है। असफलता मिलने पर कई बार आप भी यही सोचते होंगे, जबकि वास्तविकता इससे भिन्न है। संसार में दुख्ख इसलिए है क्योंकि संसार में सुख है। अगर सुख नहीं होता तो दुख्ख का अस्तित्व भी नहीं होता है। ईश्वर हमें दुख्ख की अनुभूति इसलिए करवाता है ताकि हम सुख का एहसास कर पाएं, सुख के महत्व को समझें। श्रीमद्भागवद् में कहा गया है कि हमारा हर कर्म सुख पाने के लिए होता है। इसके बावजूद भी जीवन में कई बार हमें दुख्ख और कष्ट की अनुभूति होती है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि सुख और दुख्ख धूप-छांव एवं दिन और रात की तरह हैं। हम चाहें न चाहें दुख्ख को आना है। भगवान राम, श्री कृष्ण, बुध और महावीर को भी दुख्ख उठाना पड़ा। लेकिन इन महापुरूषों ने दुख्ख को गले लगाकर नहीं रखा बल्कि दुख्ख का उपचार किया। दुख्ख रात के समान है। रात के अंधेरे को दूर करने के लिए सूर्य जिस तरह निरंतर प्रयास करता रहता है और नियत समय पर रात के अंधकार को पराजित करके दिन का प्रकाश ले आता है, इसी तरह हमें भी दुख्ख को दूर करने के लिए निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए। दुख्ख से दुख्खी होकर बैठने से दुख्ख और बढ़ता है लेकिन जब हम समाधान के लिए प्रयास करने लगते हैं तो दुख्ख का अंधेरा छंटने लगता है। दुख्ख से हम जितना डरते हैं दुख्ख हमें उतना ही डराता है। अगर कोई यह सोचता है कि मृत्यु के बाद दुख्ख का अंत हो जाता है तो गरूड़ पुराण उसे जरूर पढ़ना चाहिए। गरूड़ पुराण में मृत्यु के बाद प्राप्त होने वाले कष्टों का वर्णन किया गया है। मृत्यु के बाद जीव को और भी कष्ट उठाना पड़ता है क्योंकि वहां तो शरीर भी नहीं होता है जिससे अपने दुख्ख का उपचार किया जा सकता है। सीता का हरण करके रावण ने राम को दुख्ख दिया। राम जी ने धैर्य से काम लिया और रावण जो उनके कष्ट का कारण था उसका पता लगाकर उसका अंत किया। पाण्डवों का सारा राज्य कौरवों ने छल से छीन लिया। पाण्डव अगर हाथ पर हाथ रखकर बैठ जाते और दुख्ख का उपचार नहीं करते तो इतिहास में उनकी वीरता और साहस का बखान नहीं मिलता। इसलिए दुख्ख से दुख्खी होने की बजाय दुख्ख का उपचार करना चाहिए।

# सावधान और जागरूक रहे क्या आप फोबिया या भय से ग्रस्त हैं?

राहुल अष्ठाना

मानव में रोग के स्थान दो होते हैं मन और शरीर ,शरीर को हम भौतिक रूप से देखते हैं और उसमे होने वाली विकृतियों को हम देख ,समझ लेते हैं ,और दूसरा मन जो हमारे शरीर में स्थित हैं। जब तक हम मन के सम्बन्ध में नहीं समझेंगे तब तक हम उसमे होने वाली विकृतियां नहीं समझ सकते हैं। लक्षणम मनसो ज्ञानस्याभावो भाव एव च। सति ह्रत्मेंद्रिययार्थनाम सन्निकर्षे न वर्तते।।

वैवर्तामानसो ज्ञानं सन्निध्यात्तच्च वर्तते। (चरक शारीर स्थान 1)

मन के लक्षणः आत्मा ,इन्द्रिय और अर्थो (विषयों ) का संयोग होने पर जब मन का संयोग होता हैं तब ज्ञान होता हैं। आत्मा,इन्द्रिय और अर्थो का संयोग होने पर भी मन का सान्निध्य न हो तो ज्ञान नहीं होता हैं। इस प्रकार ज्ञान का न होना और ज्ञान का होना मन का लक्षण कहा गया हैं।

अणुत्व चैकत्वं द्वौ मनसः स्मृतौ। (चरक शारीर स्थान 1 /19 )

मन के गुण -- अणु होना और एक होना दो गुण मन के होते हैं।

चिन्त्यं विचार्यमुहमम च ध्येयम संकल्पयमेव । यत्किंचिन्मानसो ज्ञेयं तट हराथसंज्ञकं।

मन के विषय --- चिन्त्य ,विचार्य ,युहय ,ध्येय ,संकल्य्य और अन्य जो भी सूख-दुःखादि मन द्वारा जाने जाते हैं ,वे सब मन के विषय हैं।

इन्द्रियभिग्रहः कर्म मनसः स्वस्य निग्रहः। ऊहो विचारश्च ,ततः परं बुद्धिः प्रवर्तते।।

मन के कर्म --- इन्द्रियों में अधिष्ठित होकर उसका सञ्चालन करना ,स्वयं अपने को अपने से ही अहित विषयों से रोकना ,ऊहऔर विचार करना मन का कर्म हैं। इसके बाद बुद्धि प्रवृत होती हैं।

इस प्रकार आयुर्वेद ग्रन्थ में मन का सम्बन्धमें मन , शरीर आत्मा ,इन्द्रियों ,के संयोग को आयु कहते हैं। और जिस वेद ,विज्ञान में/से इनका ज्ञान प्राप्त होता हैं उसे आयुर्वेद या आयुर्विज्ञान कहते हैं। क्योकि शरीर में ही आत्मा ,मन और इन्द्रियां होती हैं। शरीरमें स्थित दोष ,धातु ,मलों समान अवस्था के साथ जिसकी आत्मा ,मन और इन्द्रियां प्रसन्न हो उसे ही स्वस्थ्य कहते हैं। वर्तमान में कोरोना के कारण हमारा समाज अनेक प्रकार के भयों से ग्रसित हैं ,उसके बाद बीमारी का भय ,व्यापार का भय ,नौकरी का भय ,सामाजिकता का भय ,आत्मविश्वास की कमी से ग्रसित होकर पूरा वातावरण अज्ञात



भयो से ग्रसित हैं। इस समय जो व्यक्ति टी वी पर कोरोना से सम्बंधित समाचार देखते या समाचार पत्र पढ़ते हैं वो भी कोरोना के भय से मानसिक रोगों से ग्रसित हो रहे हैं। उनको इससे बचना चाहिए। ज्यादातर लोगों को किसी न किसी चीज से डर लगता है। बल्कि दूसरे शब्दों में कहें तो, डर हम सभी के भीतर पाया जाता है। ये किसी में कम और किसी में ज्यादा हो सकता है, लेकिन जब डर जरुरत से ज्यादा बढ़ जाए तो एक गंभीर मानसिक विकार का रूप ले लेता है, इसी को फोबिया /दुर्भीति कहते हैं। यह %फोबिया% ग्रीक शब्द %क्द्धश्ङ्खश्ह्य% से निकला है। अगर आप जरुरत से ज्यादा और बिना किसी कारण के डरते हैं तो ये फोबिया है। अगर आप फोबिया के शिकार हैं, तो जिस चीज से आप डरते हैं उसका सामना होने पर आपको बहुत ज्यादा डर लगेगा। हो सकता है कि नर्वस/निराश भी हो जाएं। ये डर किसी खास जगह, स्थिति या चीज से लग सकता है। चिंता के सामान्य विकार से हटकर फोबिया अक्सर किसी चीज से जुड़ा होता है। फोबिया के असर से आपको बहुत ज्यादा तकलीफ का सामना भी करना पड़ सकता है। ये भी संभावना होती है कि ताकत होते हुए भी आप प्रतिक्रिया देने में ही सक्षम न हो पाएं। ये डर आपके काम, स्कूल और निजी रिश्तों में भी दखल दे सकता है।

एक अनुमान के मुताबिक, लगभग 19 मिलियन अमेरिकी नागरिक किसी न किसी फोबिया के शिकार हैं। फोबिया, उनकी निजी जिंदगी में मुसीबत की वजह बन चुका है। फोबिया और डर, दोनों में काफी अंतर है। डर एक भावनात?मक प्रतिक्रिया है, जो आमतौर पर किसी से धमकी मिलने या डांट पड़ने पर होता है। ये बेहद सामान्?य बात है और कोई बीमारी नहीं है। लेकिन फोबिया, डर का खतरनाक और अलग ही लेवल है। फोबिया में डर इतना ज्यादा होता है कि इंसान इसे खत्म करने के लिए अपनी जान पर भी खेल सकता है। जेनेटिक और पर्यावरण के फैक्टर की वजह से भी आप फोबिया के शिकार हो सकते हैं। ऐसे बच्चे जिनके परिवार के किसी सदस्य को एंग्जाइटी डिसऑर्डर की शिकायत रही हो, वह भी फोबिया के शिकार हो सकते हैं। इसके अलावा तनाव देने वाली घटनाएं, जैसे किसी की मृत्यु हो जाना, किसी का डूब जाना भी फोबिया को जन्म दे सकती हैं। संकरी जगहों, ऊंची जगहों, जानवरों और कीड़े के काट लेने का भय भी ऐसे फोबिया को जन्म दे सकता है। कुछ खास मेडिकल समस्याओं का इलाज करवा रहे लोग भी फोबिया के शिकार हो सकते हैं। ऐसा पाया गया है कि ब्रेन की सर्जरी होने के बाद कई लोगों के मन में अजीब से फोबिया जन्म लेते हैं। कई बार जरूरत से ज्यादा डांट-फटकार और डिप्रेशन के कारण भी फोबिया हो सकता है। फोबिया के लक्षण आमतौर पर गंभीर मानसिक रोगों जैसे सिजोफ्रेनिया से अलग होते हैं। सिजोफ्रेनिया में, लोगों को पास की चीजों को देखने और सुनने में भ्रम होता है। धुंधला दिखना, किसी चीज के होने का भय होना, नकारात्मक लक्षण जैसे कि एनाडोनिया /विषय -सुःख और कई अव्यवस्थित लक्षण भी होते हैं। फोबिया बेवजह भी हो सकता है। लेकिन फोबिया वाले लोग किसी वस्?तु का वास्तविक रूप पहचानने में कई बार गलतियां कर देते हैं। फोबिया के बहुत सारे लक्षण होते हैं। इन लक्षणों से आसानी से फोबिया का पता लगाया जा सकता है।

दिल की धड़कन का बहुत तेज हो जाना।
सांस लेने में समस्या होना।
तेज न बोल पाना या बोल ही न पाना
मुंह सूखना।
पेट में मरोड़ उठना।
ब्लड प्रेशर बढ़ जाना।
हाथ पैरों में कंपकपी होना।
सीने में दर्द या घबराहट होना।
चक्कर आना या हल्कापन महसूस होना।
बहुत ज्यादा पसीना आना।

फोबिया के प्रकार

अमेरिका के साईकैट्रिक एसोसिएशन के अनुसार, लक्षणों और समस्या के आधार पर फोबिया 100 से ज्यादा प्रकार के हो सकते हैं। जैसे-

एगोरोफोबिया

एगोरोफोबिया होने पर मरीज को भीड़-भाड़ वाली जगहों पर जाने से बहुत डर लगता है। उसकी सोच घर में बंद रहने की ही होती है। इस फोबिया के मरीजों को ऐसा भी लग सकता है कि भीड़ में कोई उन पर हमला कर देगा, जिससे वह बच नहीं पाएंगे।

वहीं गंभीर मेडिकल समस्याओं से जूझ रहे लोगों को भी कई बार ये समस्या हो सकती है। उन्हें लगता है कि भीड़ के बीच मेडिकल इमरजेंसी की स्थिति में उन तक मदद नहीं पहुंच पाएगी।

सोशल /सामाजिक फोबिया

इस फोबिया को सोशल एंग्जाइटी डिसऑर्डर भी कहा जाता है। इस फोबिया का मरीज लोगों से मिलने, समूह में रहने, उनके बीच में अपनी बात रखने से भी डरता है। ये डर कई बार इतना ज्यादा होता है कि मरीज खुद को एक कमरे तक सीमित कर लेता है।सोशल फोबिया के चरम पर पहुंचने पर मरीज सामान्य बातचीत जैसे टेलीफोन पर बात करना, रेस्टोरेंट में फूड ऑर्डर करने में भी दिक्कत महसूस करता है।

फोबिया के अन्य प्रकार

बहुत से लोगों को कई परिस्थितियों और चीजो से डरने की समस्या हो सकती है। लेकिन, असल फोबिया वही है, जो हमारी रोजमर्रा की जिंदगी को प्रभावित करता है।

## कविता

### धन में रमता मन



सबसे प्रिये धुन जो लगती,
वो है सिक्कों की खन-खन।
आज पैसा साध्य बना,
न रहा अब साधन।
जिसे देखो वो पैसा चाहे,
पैसे के पीछे भागे ये जीवन।
पैसा कमाओ तभी जरुरतें पूरी होगी,
हर किसी का यही कथन।
धन जिसके पास वो धन्ना सेठ,
जिसके पास नहीं वो निर्धन।
दो पैसे कमाने के लिए,
झुलसती धूप में, मजदूर झुलसा रहा अपना तन।
%धन% एक खास विषय है,
सब करते इस पर चिंतन।
बिन पैसे मरीज को,
न उपचार मिलता,
न विधार्थी को शिक्षा,
न ही भूखे को भोजन।
दिवाली पर हम खुशियां बांटना भूल जाते,
पर नहीं भूलते करना लक्ष्मी पूजन।
एक गुजारिश बुजुर्गों से है मेरी,
पैसा रखो अपने पास,
वरना,बच्चे भी नहीं देंगे अपनापन।
और इस दुनिया में जो आसानी से मिले,
बिना किए कोई जतन,
वह है धन में रमता मन।

अंकिता जैन अवनी
(लेखिका/कवयित्री)
अशोकनगर मप्र0

# करें सही परवरिश



बहुत से माता-पिता की यह शिकायत होती है कि उनका बच्चा किसी का कहना ही नहीं मानता। यदि आप भी ऐसी सोच रखती हैं तो पहले बालमन को अच्छी तरह समझने की कोशिश करें। इससे आप यह कह पाएंगी कि मेरा बच्चा सबसे अच्छा है..

केवल माता-पिता ही नहीं, बल्कि मनोवैज्ञानिकों का भी कहना है कि आज के दौर में बच्चों का पालन-पोषण बहुत मुश्किल काम हो गया है। पहले जब संयुक्त परिवार होते थे तब बच्चों के पालन-पोषण में इतनी मुश्किलें नहीं आती थीं। आज के दौर में तो यह वाकई एक कठिन काम है। अगर माता-पिता दोनों कामकाजी हैं, तब तो यह और भी मुश्किल भरा काम हो जाता है। हालांकि कुछ बातों का ख्याल रखकर बच्चों की बेहतर परवरिश की जा सकती है।

**प्राथमिकता निर्धारित करवाना**

यह माता-पिता का ही दायित्व है कि वे बच्चों को अपनी प्राथमिकताएं निर्धारित करने और उसके अनुसार कार्य पूरा करने में उनकी मदद करें। कारण, बच्चे को अपनी प्राथमिकताएं स्वयं निर्धारित करना मुश्किल होता है। इसमें माता-पिता ही मदद कर सकते हैं, जैसे होमवर्क करना, पार्क जाना, खेल विशेष की प्रैक्टिस करना... इन तमाम कार्यों में बच्चों को उनकी प्राथमिकताएं निर्धारित करने में मदद करें। इसके लिए बच्चे की रुचियों, अभिरुचियों को पहचानें और उनके साथ खुलकर बात करें। किसी काम में यदि उसको आपकी मदद की जरूरत है तो उसकी मदद करके उसके आत्मविश्वास को बढ़ाने का प्रयास करें।

**हर बच्चा यूनीक है**

बहुत से माता-पिता की शिकायत होती है कि फलां का बच्चा हर मामले में बेस्ट है, जबकि मेरा बच्चा तो कुछ समझता ही नहीं। इसका प्रमुख कारण यह है कि आजकल माता-पिता दूसरों की देखा-देखी अपने बच्चों से ढेरों अपेक्षाएं करने लगते हैं। यह याद ही नहीं रहता कि प्रत्येक बच्चे की क्षमताएं अलग होती हैं। हो सकता है कि आपके बच्चे का कोई साथी किसी मामले में बेस्ट हो और आपका बच्चा किसी दूसरे मामले में बेस्ट हो। इसलिए सबसे पहले अपने बच्चे की क्षमताओं की पहचान करें। इसके बाद ही उसे कुछ सीखने के लिए प्रेरित करें।

**प्रशंसा में है पावर**

बहुत से माता-पिता यह सोचते हैं कि बच्चों की प्रशंसा करने से वे घमंडी हो जाएंगे। इसी तरह कुछ माता-पिता की यह सोच होती है कि जब मेरा बच्चा किसी कार्य में बहुत अच्छा हो जाए, तभी उसकी प्रशंसा करनी चाहिए। मनोवैज्ञानिकों के अनुसार इस प्रकार की धारणा ठीक नहीं है। बाल मनोवैज्ञानिकों के अनुसार वही बच्चे जिद्दी या घमंडी हो जाते हैं, जिनके माता-पिता हमेशा शिकायत करते रहते हैं और अपने बच्चों की प्रशंसा नहीं करते। ऐसे बच्चे दूसरे बच्चों से अलग दिखने के लिए विद्रोही तेवर अपना लेते हैं। इसलिए समय-समय पर बच्चों की प्रशंसा करते रहना चाहिए। जब भी वह कोई अच्छा काम करें तो उनकी तारीफ करें।इससे वह उत्साहित होकर और भी बेहतर प्रदशज़्न करने के लिए प्रेरित होगा। यह न सोचें कि इसने कौन सा बड़ा तीर मार दिया है। छोटी-छोटी बातें बच्चों के कोमल मन पर गहरा असर डालती हैं। मनोवैज्ञानिकों का कहना है कि प्रशंसा के द्वारा ही हम इस बात को लेकर आश्वस्त हो पाते हैं कि हमने वाकई किसी कार्य को अच्छी तरह अंजाम दिया है। प्रशंसा के अभाव में उन्हें यह महसूस होता है कि वे कोई अच्छा काम कर ही नहीं सकते।

**टाइम मैनेजमेंट**

बच्चों के लिए भी आज की भागमभाग वाली जिंदगी में टाइम मैनेजमेंट बहुत जरूरी है। यह एक ऐसी कला है, जो बच्चों को बचपन से ही सिखाई जानी चाहिए। बच्चे के स्कूल से आने के बाद उसकी दिनचयाज़् में होमवकज़्, दूसरे बच्चों के साथ खेलना, सोना, टीवी देखना, गेम खेलना जैसे कई कायज़् होते हैं।

# स्किल्स से मिलता है बड़ा सैलरी पैकेज



आईआईटी मुंबई की स्टूडेंट और जयपुर की रहने वाली आस्था अग्रवाल को जब इस वर्ष सोशल मीडिया कंपनी फेसबुक द्वारा 2 करोड़ रुपये सालाना का ऑफर दिया गया, तो सहसा किसी को विश्वास नही हुआ, क्योंकि कई वर्षों की मंदी के दौर के बाद आईआईटी के स्टूडेंटस को इस वर्ष बड़े सैलरी पैकेज ऑफर हो रहे हैं। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष आईआईटी मद्रास के आईटी स्टूडेंटस की मार्केट में काफी मांग रही, जिन्हें 80 लाख रुपये तक के सैलरी पैकेज ऑफर हुए। अगर एमएनसी को छोड़ दें, तो भारत में ही उन्हें 30 लाख तक के सैलरी पैकेज ऑफर हुए। इसके अलावा, आईआईटी कानपुर के स्टूडेंट्स को भी 1.20 करोड़ तक के सैलरी पैकेज ऑफर किए गए। यदि शीर्ष मैनेजमेंट संस्थानों की बात करें, तो आईआईएम-ए के स्टूडेंट्स को 1.10 करोड़ तक के ग्लोबल और 56 लाख तक के डोमेस्टिक सैलरी पैकेज ऑफर किए गए।



**स्किल्स की बढ़ती डिमांड**

हालांकि ऐसा बिलकुल नहीं है कि आईआईटी एवं आईआईएम सरीखे संस्थानों के हर स्टूडेंट को बड़ा सैलरी पैकेज मिलता हैं। ग्लोबलाइजेशन के वर्तमान दौर में सैलरी पैकेज और रिक्रूटमेंट के मानक भी बदल गए हैं। आज बड़ी सैलरी पाने के लिए चाहिए जरूरी स्किल (कौशल)। ऐसी स्किल्स होने पर निजी एवं छोटे संस्थानों से पासआउट होने वाले स्टूडेंट्स को भी अच्छे जॉब ऑफर हासिल हो रहे हैं। अच्छा सैलरी पैकेज और जॉब आफर पाने के लिए आज के समय में किस तरह की स्किल्स जरूरी हैं।

**1. बेसिक कंप्यूटर स्किल्स**

लो मार्जिन बिजनेस मॉडल के इस दौर में कोई भी कंपनी नई मैनपावर की ट्रेनिंग पर अधिक पैसे नहीं खर्च करना चाहती है। प्रत्येक कंपनी यह चाहती है कि वह तकनीकी रूप से दक्ष व्यक्ति को ही नियुक्त करे, जिससे कंपनी के समय और पैसे की बचत हो और कंपनी अपने कॉस्ट कटिंग के फामूज़्ले पर अमल कर सके। इसलिए यदि आप एमएस ऑफिस टूल्स, सी-प्रोग्रामिंग, नेटवर्किंग और इंटरनेट, पीडीएफएडिटिंग और सॉफ्टवेयर इंस्टालेशन जैसी सामान्य प्रक्रियाओं से परिचित हैं, तो यह शानदार जॉब ऑफर पाने में आपके लिए सहायक हो सकता है।

**2. कम्युनिकेशन स्किल**

**बड़े पैकेज वाली जॉब पाने के लिए** कम्युनिकेशन स्किल बेहद जरूरी है। यही वह टूल है, जिसकी मदद से आप अपनी प्रतिभा और कौशल के बारे में सामने वाले को कनविंस करने में कामयाब हो सकते हैं। अच्छी कम्युनिकेशन स्किल होने के लिए अच्छा श्रोता होना भी बेहद जरूरी है, क्योंकि अच्छा श्रोता ही अच्छा वक्ता हो सकता है। सुनने के बाद सोचने की प्रक्रिया को प्रारंभ करना और दूसरों को समझना एक अच्छा कम्युनिकेटर होने के लिए आवश्यक है। आपको देखकर लगे कि आप सामने वाले की बातों को सुनने में पूरी तरह से दिलचस्पी ले रहे हैं। इसके अलावा, आपकी आवाज तथा उच्चारण पूर्णतया स्पष्ट होना चाहिए। आत्मविश्वास दिखना बहुत जरूरी है। पहली बार मिलते वक्त हल्की सी मुस्कान जरूर रखें और इंटरव्यू के दौरान भी एक फ्रेंडली जेस्चर रखें।

**3. टाइम मैनेजमेंट**

अक्सर कहा जाता है कि समय ही सबसे बड़ा धन है। आज के प्रतिस्पधीज़् दौर में प्रत्येक कंपनी टाइम मैनेजमेंट में माहिर व्यक्ति को ही प्रोत्साहित कर रही है। आजकल टाइम बाक्सिंग जैसी टाइम मैनेजमेंट तकनीक काफी लोकप्रिय हो रही है। टाइम मैनेजमेंट के लिए हमें अपने सभी कार्यो को दैनिक, साप्ताहिक, मासिक, वार्षिक में बांट लेना चाहिए, जिससे कार्यो का संपादन बिना किसी गलती के आसानी से किया जा सके।

**4. विदेशी भाषा की जानकारी**

ग्लोबलाइजेशन के इस दौर में अंग्रेजी के अतिरिक्त किसी भी विदेशी भाषा की जानकारी आपको एक अच्छी जॉब दिलवाने में सहायक हो सकती है। एमबीए के स्टूडेंट्स को स्पैनिश, जर्मन, फ्रेंच आदि में से किसी लैंग्वेज की नॉलेज अच्छा पैकेज दिलाने में मददगार साबित हो सकती है क्योंकि आजकल लगभग सभी मल्टीनेशनल कंपनियों के ग्राहक या पार्टनर्स दुनिया के विभिन्न देशों में होते हैं।

# ऐसे सजाएं अपने कमरे को...

घर को नया अंदाज देने के लिए जरूरी नहीं है कि आप इंटीरियर डिजाइनर की ही सलाह लें। अपने बजट के हिसाब से थोड़ी सी एक्सेसरीज खरीदें। इनके प्रयोग से आप अपने घर को नया लुक दे सकती हैं।

-खिड़कियों के लिए कढ़ाई वाले सिल्क फैब्रिक के पर्दों का इस्तेमाल करें। आजकल बाजार में सिल्क फैब्रिक पर आकर्षक एम्ब्रॉयडरी किए हुए पर्दे आसानी से मिल रहे हैं।

-सजावटी सामानों को सजाने के लिए एक बड़ा शो पीस तो अपनी एक जगह बना लेता है, लेकिन छोटे सजावटी सामान सजाते समय इस बात का ध्यान रखें कि उन्हें एक साथ रखें।

-प्लेन दीवार पर हाथ से सुंदर मोटिफबना सकती हैं, जैसे सुंदर सी कोई बेल या खूबसूरत रंगीन फूल। यह कमरे को बेहतरीन बना देता है।

-सदिज़्यों के मौसम में वॉर्म कलर वाले कुशन, बेडशीट और पर्दों का चयन करें। जैसे रेड, ऑरेंज, कॉफी, मैरून, यलो, डार्क चॉकलेट, डार्क ग्रीन।

-कलर्ड ग्लासेज और स्टोन का प्रयोग कमरे की खूबसूरती बढ़ाने के लिए किया जा सकता है।

-मॉडर्न वर्जन को ओल्ड क्लासिक के साथ मिलाने से घबड़ाएं नहीं। ऐसा प्रयोग अच्छा भी लगता है अगर वह ढंग से किया गया हो।

-बेडरूम को इस तरह सजाएं कि अनुपयोगी कोने का इस्तेमाल बेहतर तरीके से कर सकें। ऐसे कोनों पर आप लकड़ी की खूबसूरत अलमारी बनवा सकती हैं, जहां आप अपनी जरूरत का अतिरिक्त सामान या बड़े सामान भी व्यवस्थित रूप से रख सकती हैं, जो सुरक्षित भी रहेगा।

-अगर घर में फ्लोरल प्रिंट्स का इस्तेमाल करना नहीं चाहती हैं तो थोड़ी सी जगह पर इनका प्रयोग कर सकती हैं। प्लेन सोफे के साथ एक फ्लोरल फैब्रिक वाली कुर्सी भी बहुत अच्छी लगेगी।

# सुबह हो ताजगी भरी



रोज-रोज एक ही तरह के ब्यूटी रुटीन को अब ब्रेक करने का समय है। सुबह इतनी भागमभाग होती है कि खुद पर ध्यान देने का समय ही नहीं मिलता। ऐसे में त्वचा की जरूरी देखभाल भी नहीं हो पाती। इसलिए लंबे समय से चले आ रहे रूटीन में थोडा फेरबदल करें और हर सुबह खिली-खिली त्वचा का दीदार करें। आमतौर पर सुबह-सुबह ब्यूटी रेजीम को अपनाने में हर किसी को आलस्य होता है। इसकी वजह से त्वचा को कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड सकता है। बेहतर होगा कि रात में कुछ ऐसे उपाय कर लिए जाएं, जिससे सुबह त्वचा चमकदार और मुस्कराती नजर आए। सही ब्यूटी रेजीम अपनाने में आपकी मदद कर रही हैं ब्यूटी एक्सपर्ट आशिमन मुंजाल।

***सोने से पहले***

रात में सोने से पहले जरूरी चीजों को व्यवस्थित करें। उदाहरण के लिए अगर आप सुबह जिम जाती हैं तो रात में सुनिश्चित कर लें कि आपके जिम बैग में सभी जरूरी चीजें मसलन शूज, पानी की बोतल, ग्लव्स और तौलिया हो। वह स्त्रियां जो कामकाजी हैं, उन्हें सुबह ऑफिस ले जाने वाला सब सामान अपने बैग में रात में ही रख लेना चाहिए। अपना क्लींजर, टोनर, मॉयस्चराइजर और सनस्क्रीन की किट वॉशरूम में ऐसी जगह रखें जहां आपको सुबह इस्तेमाल करने में आसानी हो। अगर आप चाहती हैं कि सुबह उठकर आपकी त्वचा मुस्कराए तो रात में सोने से पहले क्लींजर या मेकअप रिमूवर से चेहरा साफकरने के बाद फेशवॉश लगाएं। फिर चेहरे को थपथपाकर मुलायम तौलिये से पोंछकर पर्याप्त मॉयस्चराइजर और नाइट क्रीम लगाएं।

**साधारण रखें मेकअप रुटीन**


सुबह के वक्त बहुत ढंग से समय लगाकर मेकअप करना संभव नहीं है। इसलिए इसे सिंपल रखें। सिर्फमस्कारा और लिप ग्लॉस से काम चलाएं। लेकिन इन्हे लगाने से पहले सनस्क्रीन लगाना बहुत जरूरी है। हां हेयरस्टाइल ऐसी बनाएं जिससे आपका पूरा व्यक्तित्व निखर जाए।

***जरूरी चीजें***

गीले टिश्यूज, कॉटन बॉल, सनस्क्रीन, क्लींजर. मस्कारा और लिप ग्लॉस हमेशा अपने साथ रखें। बेहतर होगा कि इनका दो सेट रखें। ताकि आप इस्तेमाल करने के बाद जब उसे घर पर भूल जाएं तो

# कुछ अलग करने की चाहत से सबको चौंकाया

बचपन से ही कुछ अलग करने की चाहत में कई किशोर-युवा अपने इनोवेशंस से चौंका रहे हैं। आइए मिलते हैं स्टार्ट-अप, इनोवेशन, एंटरप्रेन्योरशिप आदि के क्षेत्र में अपना टैलेंट दिखाने वाली कुछ ऐसी ही प्रतिभाओं से...



मैं बिलीवर हूं, विद्रोही हूं। ऐसे मारवाड़ी परिवार से हूं, जहां लड़कियों को सिर्फ इसलिए पढ़ाया जाता है ताकि उनकी शादी अच्छी जगह हो सके। इकोनॉमिक्स से ग्रेजुएट थी तो करियर एसेट मैनेजमेंट से शुरू किया। एक साल में चार बार जॉब बदली। टीवी में काम किया, मॉडलिंग की। काम करने की इच्छा प्रबल थी, पर पता नहीं था कि कहां से और कैसे शुरूआत करूं। हांगकांग में रहने के दौरान इंडिया में इन्वेस्ट करना चाहती थी, लेकिन रियल्टी इन्वेस्टमेंट के लिए कोई सही प्लेटफॉर्म नहीं मिला। तो मैंने खुद की ऑनलाइन फर्म खोलने का फैसला किया। इस तरह 'स्क्वेयर याड्र्स' अस्तित्व में आया। शुरूआत में 20-22 लोगों का काम मैंने अकेले संभाला। धीरे-धीरे सपोर्ट सिस्टम डेवलप किया। एक ही साल में कई देशों में ऑफिस खोल लिए हैं। स्टाफभी काफी बढ़ा लिया है। हाल में मुझे यंग अचीवर्स अवॉर्ड मिला है। कुछ ही सालों में मैंने दुबई, हांगकांग, सिंगापुर जैसे देशों में अपनी ब्रांच खोल ली हैं।

**यू-ट्यूब का मोस्ट पॉपुलर शेफ**

मैं हमेशा से अपने पैशन को फॉलो करना चाहता था। मैंने यू-ट्यूब पर 'कुकिंग शुकिंग' नाम से चैनल शुरू किया, जिसने मुझे अपने सपने को जीने का जरिया दिया है। चैनल के करीब 40 हजार सब्सक्राइबर्स हैं और 50 लाख से अधिक लोगों ने इसे देखा है। जब दशज़्क अपना फीडबैक देते हैं तो बहुत अच्छा महसूस होता है। मैं सिफज़् 12 साल का था, जब मुझे कुकिंग का शौक चढ़ा। मां को तरह-तरह के व्यंजन बनाते देखता था। इसके अलावा घंटों ऑनलाइन वीडियोज देखता। एक दिन मन में ख्याल आया कि क्या मैं भी ऐसा कुछ ऑनलाइन कर सकता हूं? बिना देर किए, मैंने स्वीट कॉर्न की एक सिंपल रेसिपी बनाई और उसे यू-ट्यूब पर अपलोड कर दिया। मैं हैरान रह गया, जब महज 12 घंटे में कुल 13 लोगों ने मेरी रेसिपी देखी। आगे बढ़ने के लिए इतना ही काफी था। मेरे चैनल पर आपको एगलेस और अवनलेस बेकरी आइटम्स से लेकर कई नई रेसिपीज मिलेंगी, जो मैंने प्रयोग कर

# पढ़ाई से समझौता नहीं



पार्थो गुप्ते को स्टार बाल कलाकार का रुतबा हासिल है। उन्होंने 'स्टैनली का डिब्बा' और 'हवा हवाई' सरीखी हिट फिल्में दी हैं। स्टैनली का डिब्बा के लिए चाइल्ड आर्टिस्ट का नेशनल अवार्ड पाने वाले पार्थो एक्टिंग के ढेरों ऑफर होने के बाद भी पढ़ाई को रखते हैं प्राथमिकता में।

**पसंद है एक्टर कहलाना**

जबसे मैं फिल्मों में आया, मेरे क्लासमेट व दोस्त मुझे स्टार की तरह ट्रीट करते हैं। वे मुझसे उसी अंदाज में बातें करते हैं तो मुझे बड़ा अजीब लगता है। उनकी बातें बहुत फनी होती हैं। शुरू-शुरू में यह सब अजीब सा लगता था। अब हीरो या स्टार जैसे संबोधन सुनने की आदत हो गई है लेकिन मुझे एक्टर कहलाना ज्यादा अच्छा लगता है।

**बचपन है सीखने के लिए**

मेरे पापा (निर्देशक अमोल गुप्ते) बहुत अच्छे हैं। वे मेरे ही नहीं, हर बच्चे के भविष्य के बारे में सोचते हैं। वे कहते हैं कि बचपन काम करने के लिए नहीं, काम सीखने के लिए होता है। पापा खेल-खेल में बच्चों से उनका नैचुरल एक्ट निकलवा लेते हैं। वे तो हम जैसों को कठिन लाइन भी नहीं देते हैं डॉयलॉग बोलने में। जब पापा मुझे सीरियलों में चाइल्ड आर्टिस्ट्स के काम के घंटों के बारे में बताते हैं तो मुझे दुख होता है। वे दस-दस, बारह-बारह घंटे काम करते हैं।

***समझें बच्चों की भावना***

मेरे ख्याल से बच्चों का फिल्मों में काम करने का मकसद पैसा कमाना तो कतई नहीं है। मेरे लिए और उसी तरह अन्य बच्चों के लिए भी फिल्म सिर्फ आर्ट है। मेरे लिए फिल्में करने का मकसद है कि लोग समझ पाएं कि बच्चे डंब नहीं होते या उनके मसलों को हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए। हमारी समझ को आप इमैच्योर नहीं कह सकते। हमारी भी भावनाएं व इच्छाएं हैं। कोई बच्चा अगर शांत है तो उस पर अंतमुर्खी का तमगा लगा देना या वह चिड़चिड़ा है तो उस पर हायपर का ठप्पा लगा देना ठीक नहीं। हमें उस प्रॉब्लम की जड़ में जाने की जरूरत है।

**पापा इज द ग्रेट**

मैं सोचता हूं कि एक ही जिंदगी में लोग इतने सारे काम कैसे कर लेते हैं, जो सबको प्रभावित कर सकें। आई थिंक इस मामले में मेरे पापा वाकई ग्रेट हैं। वह मुझसे कहते हैं कि मैं पार्थो के पिता के तौर पर पहचाना जाऊं लेकिन मुझे फख्र है कि मैं उनका बेटा हूं। एक अच्छा और प्यारा बचपन हर बच्चा चाहता है। मैंने इसे महसूस किया है इसलिए मैं चाहता हूं कि जो मुझे मिला है वाकई वह दूसरों को भी मिले। लेकिन खेल-कूद के साथ आप पढ़ें-लिखें भी।

**छुट्टियों में ही एक्टिंग**

मैंने कभी भी पढ़ाई का नुकसान नहीं किया। मैंने अपनी दूसरी फिल्म 'हवा हवाई' की शूटिंग स्कूल की छुट्टियों में ही की। बहुत जरुरी हुआ तो शनिवार और रविवार को शूटिंग कर लेता हूं, क्योंकि उन दो दिनों में स्कूल की छुट्टी रहती है। मुझे व मेरे पिता दोनों को ही पढ़ाई का महत्व पता है, इसलिए हम किसी भी हाल में अपनी पढ़ाई को नजरंदाज नहीं कर सकते।

1. आग
2. कुल्हाड़ी की दिशा
3. जमीन पर पड़ा पाइप
4. हैट का ऊपरी भाग
5. पाइप से निकलता पानी
6. आग बुझाने के सिलेंडर का ऊपरी नोजेल
7. बेल्ट का बक्कल
8. आग बुझाने के सिलेंडर में बना डिजाइन
9. घर से निकलता धुंआ
10. फायरमैन की मूंछ

# पेट्रोल डीजल मूल्य वृद्धि के खिलाफ विधानसभा में हंगामा, विपक्ष ने किया वॉक आउट

## -नेता प्रतिपक्ष कमलनाथ ने कहा पेट्रोल और डीजल के बढ़ते दाम पर सरकार चर्चा से बच रही

**भोपाल।** पेट्रोल और डीजल मूल्य वृद्धि के खिलाफ कांग्रेस के आक्रामक तेवर बरकरार हैं। सड़कों के बाद अब विधानसभा में भी विपक्ष ने इस मुद्दे पर सरकार को घेरा। शून्यकाल के दौरान कांग्रेस के विधायकों ने पेट्रोल और डीजल में हो रही मूल्य वृद्धि पर चर्चा कराने की मांग की। सरकार जब इस पर चर्चा के लिए तैयार नहीं हुई तो कांग्रेस विधायकों ने सदन से वॉकआउट कर दिया। कांग्रेस विधायक आम जनता से जुड़े मुद्दे पर सदन के अंदर चर्चा कराने की मांग पर अड़ा था। कांग्रेस विधायक प्रियव्रत सिंह ने सदन के अंदर पेट्रोल डीजल के बढ़ते दामों पर चर्चा नहीं कराने पर वॉकआउट का ऐलान किया



और उसके बाद कांग्रेस के सभी विधायक सदन के बाहर आ गए। विपक्ष ने सदन के बाहर जमकर नारेबाजी की और गांधी प्रतिमा के सामने धरना देकर बैठ गए। विधानसभा में कांग्रेस विधायकों ने बुधवार को एप्रिन पहनकर पेट्रोल-डीजल के दामों में वृद्धि और महंगाई पर नियंत्रण न करने पर विरोध जताया। शून्यकाल में विधायक पीसी शर्मा और प्रवीण पाठक एप्रिन पहनकर सदन के अंदर पहुंच गए। कांग्रेस विधायक सज्जन सिंह वर्मा ने आरोप लगाया कि सरकार पेट्रोलडीजल की कीमतों पर नियंत्रण नहीं कर पा रही है। विधायक प्रियव्रत सिंह और अन्य कांग्रेस विधायक उनके समर्थन में बोलने लगे। इस बीच कांग्रेस विधायकों द्वारा महंगाई के विरोध में नारेबाजी भी शुरू कर दी गई। नेता प्रतिपक्ष कमलनाथ ने कहा पेट्रोल और डीजल के बढ़ते दाम पर सरकार को सदन में चर्चा करानी चाहिए। लेकिन सरकार चर्चा से बच रही है। पेट्रोल और डीजल मूल्यवृद्धि के खिलाफ कांग्रेस का आंदोलन जारी रहेगा। पूर्व मंत्री पीसी शर्मा ने कहा कोरोना का डर दिखाकर सरकार विपक्ष की आवाज को दबाना चाहती है। क्राइसिस मैनेजमेंट की बैठक में सभी तरह के धरना प्रदर्शन मेला के आयोजनों पर रोक लगाने का फैसला हुआ है। सरकार इस तरह के फैसले से पेट्रोल-डीजल मूल्य वृद्धि के खिलाफ कांग्रेस के आंदोलन को दबाने की कोशिश में है। लेकिन 3 मार्च को कांग्रेस का विधानसभा घेराव होकर रहेगा। सदन में भी विपक्ष इस मामले को जोर-शोर के साथ उठाएगा। कांग्रेस विधायक कुणाल चौधरी ने पूछा, मुख्यमंत्री द्वारा कोरोनाकाल में कितनी घोषणाएं कीं? जिलों में आयोजित कार्यक्रमों में कितनी राशि खर्च हुई? इसका जवाब स्कूल शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने दिया। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने 20 अप्रैल से नवंबर 2020 तक 33 घोषणाएं की हैं, जिन पर 24,752 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। विधानसभा की कार्यवाही जैसे ही शुरू हुई, सीधी के सिंहावल से कांग्रेस विधायक कमलेश्वर पटेल ने सीधी बस दुर्घटना का मामला उठाया।

# खजुराहो नृत्य समारोह में ई-बाइक टूर और धुबेला पर्यटन का रोमांच

**भोपाल ।** विश्व धरोहर %खजुराहो% में आयोजित %47वें खजुराहो नृत्य समारोह% में सांस्कृतिक नृत्य संध्या से मन पुलकित होने के बाद अगली सुबह पर्यटकों के लिए साहसिक गतिविधियों के रोमांच से भरी होती है। संस्कृति और पर्यटन विभाग द्वारा कलाप्रेमियो और पर्यटकों के लिए आयोजित ई-बाइक टूर और धुबेला बस यात्रा आकर्षण का केंद्र है। निःशुल्क धुबेला बस यात्रा में महाराजा छत्रसाल की समाधि, धुबेला संग्रहालय और मस्तानी महल देखने का लुफ्त उठा रहे हैं, वहीं ई-बाइक टूर से स्थानीय मंदिरो के वैभव, वास्तुकला और संस्कृति से पयर्टक अभिभूत हो रहे है। प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति शिव शेखर शुक्ला ने बताया कि देश और विदेश के विभिन्न भागों से आए पर्यटकों ने प्राचीन मंदिरों के शहर खजुराहो के सुंदर परिदृश्य और वास्तुकला को ई-बाइक टूर के माध्यम से जाना। पश्चिमी समूह के मंदिरों से पूर्वी समूह के मंदिरों तक की यात्रा के दौरान स्थानीय इतिहास और मंदिर निर्माण की विशिष्ट शैली के बारे में जानकारी देने के लिए गाइड की सुविधा भी उपलब्ध करवाई गई है। पर्यटकों ने स्थानीय जवारी मंदिर, वामन



मंदिर, दुल्हादेव मंदिर, पुराने खजुराहो के मंदिर शिल्प और इतिहास को समझा एवं स्थानीय संस्कृति और कला से भी परिचित हुए। उल्लेखनीय है कि मस्तानी महल का निर्माण महाराजा छत्रसाल ने लगभग 1696 ई. में अप्रतिम सुंदरी, नृत्यांगना मस्तानी के लिए करवाया था। वाजीराव पेशवा बंगश पर विजय के पश्चात यहाँ आए और मस्तानी से विवाह किया। धुबेला महल वर्तमान में संग्रहालय में परिवर्तित है, जहाँ कल्चुरी एवं गुप्त काल के शिलालेख, ताम्र पत्र, शिव लिंग एवं उत्कीर्ण चित्र देखने को मिलते हैं। महाराजा छत्रसाल द्वारा इसका निर्माण 17वीं और 18वीं शताब्दी के बीच पतली ईटों, रेट और चूने के मिश्रण से करवाया गया था।

# वासनिक 26 से 28 फरवरी तक इंदौर, बुरहानपुर, खंडवा, खरगोन के प्रवास पर

**भोपाल ।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव प्रदेश प्रभारी मुकुल वासनिक 26 से 28 फरवरी तक प्रदेश के इंदौर, बुरहानुपर, खंडवा, खरगोन जिले के प्रवास पर रहेंगे। प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री प्रशासन प्रभारी राजीव सिंह ने बताया है कि श्री वासनिक अपने निर्धारित दौरा कार्यक्रम अनुसार 26 फरवरी को रात्रि 9.30 बजे इंदौर पहुंचेंगे और वहां रात्रि विश्राम करेंगे। श्री वासनिक 27 फरवरी को सुबह 7.30 बजे इंदौर से प्रस्थान कर पूर्वान्ह 11 बजे बुरहानपुर पहुंचेंगे और वहां जिले के वरिष्ठ कांग्रेसजन, जनप्रतिनिधियों तथा पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। वे दोपहर 2.30 बजे बुरहानपुर से खंडवा जायेंगे और अपरान्ह 3.30 बजे खंडवा में जिले के वरिष्ठ कांग्रेसजन, जनप्रतिनिधियों तथा पदाधिकारियों की बैठक लेंगे। आप रात्रि 8 बजे खरगोन प्रस्थान करेंगे तथा आपका रात्रि विश्राम खरगोन में रहेगा। श्री वासनिक रविवार 28 फरवरी को पूर्वान्ह 10 बजे खरगोन में जिले के वरिष्ठ कांग्रेसजन, जनप्रतिनिधियों तथा पदाधिकारियों के साथ बैठक लेंगे। वे उसी दिन दोपहर 2 बजे खरगोन से इंदौर के लिए रवाना हो जायेंगे और शाम 6 बजे इंदौर से दिल्ली के लिए रवाना हो जायेंगे।

## अभिभाषण को मीडिया के लिए बताए जाने पर कमलनाथ पर हमला

# कमलनाथ जी संकेत समझिए, आपको कार्यकर्ता भी सुनना नहीं चाहते : डॉ.नरोत्तम मिश्रा

**भोपाल।** विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण को केवल मीडिया के लिए भाषण बताए जाने पर प्रदेश के गृह एवं संसदीय कार्यमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने नेता प्रतिपक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि वे पिछले कुछ दिनों से इस तरह के अटपटे और बेतुके बयान दे रहे है। इसका एक ही कारण है कि उनकी आज-कल कोई नहीं सुन रहा है इसलिए खीज में वह इस तरह की बातें कर रहे है। डॉ .मिश्रा ने साइकल नही चला पाने पर कांग्रेस विधायकों के स्वास्थ्य पर भी चिंता प्रकट की। डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने मंगलवार को कहा कि कमलनाथ कहते है कि राज्यपाल का अभिभाषण मीडिया के लिए था तो क्या मीडिया जनता नही है ? क्या वह जनता तक बात नही पहुचाती? लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ मीडिया को इसिलिए



कहा जाता है क्योंकि वह जनता की आवाज है। लेकिन देखने मे आ रहा है कि कमलनाथ कुछ दिनों से इसी तरह की बाते कर रहे है। पिछले दिनों इंदौर में भी मीडिया को लेकर इसी तरह बात कही थी। दरअसल यह उनकी पीड़ा और खीज है क्योंकि जनता तो दूर उनके कार्यकर्ता भी अब उनकी सुनने को तैयार नही है। गत दिनों हुई इंदौर की बैठक में भी कार्यकर्ता उनके भाषण के दौरान हंगामा करते रहे। उन्हें तो यह तक बोलना पड़ा था कि आप सब शांत हो जाएं या मैं बोलना बंद करूँ। डॉ.मिश्रा में कहा कि कमलनाथ जी को समझना चाहिए कि राजनैतिक जीवन मे इस तरह का समय आता है जब आप खारिज कर दिए जाते हो। इसलिए संकेतो को वह समझ लें। उन्होंने कहा कि सयानो के सामने खाली डलिया ही रखी जाती है।

# कार्यकर्ता परिश्रम की पराकाष्ठा करते हुए प्राणपण से जुटें : सुमित पचौरी

## अजा मोर्चा के जिला कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न



**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा की बैठक जिला भाजपा कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक को जिला अध्यक्ष सुमित पचौरी ने संबोधित करते हुए कहा कि जिले के अजा मोर्चा कार्यकर्ता परिश्रम की पराकाष्ठा करते हुए आत्मनिर्भर भारत के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प को साकार करने में प्राण-प्रण से जुट जाएं और केंद्र एवं प्रदेश सरकारों की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अनुसूचित जाति वर्ग के प्रत्येक पात्र हितग्राही तक पहुंचाने का काम करें। पार्टी के संस्थापक पं. दीनदयाल उपाध्याय जी व डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी ने पार्टी को आगे बढ़ाने में अपना पूरा जीवन न्यौछावर कर दिया। दलित शोषित वर्ग के अंतिम व्यक्ति सहित सभी वर्गो तक भाजपा के जनहितैषी कार्यो को पहुंचाया था। अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कैलाश जाटव ने कहा कि मोदी सरकार ने नए कृषि संबंधी कानूनों के जरिए बिचौलियों की दुकान बंद करने का काम किया है। यह कानून प्रत्येक दृष्टि से किसानों के हित में हैं।

# जान देने के लिये फांसी लगाई, फंदा टूटने से आई चोट से हो गई मौत

**भोपाल।** राजधानी के गौतम नगर इलाके में एक युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी करने का प्रयास किया लेकिन फंदा टूटने से वो जमीन पर जा गिरा जिससे उसके चेहरे पर घातक चोट आई ओर अधिक खून निकलने से उसकी मोत हो गई। पुलिस ने बताया कि नारियलखेड़ा मे रहने वाले 35 वर्षीय अमित कुचबंदिया की मां कुछ दिन पहले रिश्तेदार के यहां ग्वालियर और उसकी पत्नी होशगाबाद अपने गांव गई थी, ओर अमित यहां अकेला था। सोमवार सुबह वह देर तक घर से बाहर नहीं आया तो पास मे रहने वाले रिश्तेदार उसे देखने गये। दरवाजा बंद होने पर उन्होने खिड़की से झांककर भीतर देखा तो उन्हे अमित जमीन पर पड़ा नजर आया। जैसै तैसै वो मकान के भीतर गये तो उन्हे अमित की नाक के खून बहता दिखाई दिया, और ऊपर रस्सी लटकी थी।

# ग्रामीणों ने बनाई गौ-शाला, फसल नुकसान और सड़क दुर्घटना घटी

**भोपाल।** रायसेन जिले की सिलवानी तहसील के ग्राम जैथारी में ग्रामीणों ने आपसी सहयोग से निराश्रित गायों के लिये गौ-शाला बनाकर एक अनुपम उदाहरण पेश किया है। गौ-शाला से 120 गायों को न केवल सहारा मिला है बल्कि खेतों में होने वाले फसल नुकसान और सड़क दुर्घटनाओं में काफी कमी आयी है। हुआ यूँ कि ग्राम जैथारी के श्री कमलेश लोधी ने एक दिन देखा कि एक व्यक्ति निराश्रित गाय को डंडे से बड़ी बेरहमी से पीटते हुए खेत से भगा रहा है। उन्हें गाय पर हो रही हिंसा के साथ ही व्यक्ति की फसल नुकसानी पर भी बहुत दुख हुआ। उन्होंने गाँव के लोगों से बात की और समझाया कि थोड़े से सहयोग से गाँव और आस-पास के बेसहारा मवेशियों के लिये अस्थाई गौ-शाला बनाकर फसल नुकसान और सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है।



इससे बेसहारा गौ-वंश को आश्रय मिलने के साथ भरपेट चारा-पानी भी मिलेगा तो वे खेतों और सड़कों की ओर रूख नहीं करेंगे। श्री कमलेश की कोशिश रंग लाई। गौ-शाला के लिये श्री जसवंत धाकड़ ने अपनी भूमि दी, किसी ने लकड़ी, किसी ने प्लास्टिक तिरपाल दिया तो किसी ने चारा-पानी की व्यवस्था की। हाथों हाथ गौ-शाला बनकर तैयार हो गयी। गौ-शाला में 120 गाय हैं, जिनकी देखभाल के लिये तीन लोगों को रखा गया है। किसान खुश हैं। रखवाली के लिये अब हमेशा खेत पर नहीं रूकना पड़ता क्योंकि गायों ने खेत में चरने के लिये घुसना बंद कर दिया है। सड़क पर गायों के झुंड अब नहीं बैठते इससे दुर्घटनायें भी काफी कम हो चली है। गौ-शाला सतत् चलती रहे इसके लिये ग्रामवासी सर्वश्री विजय, राम लखन, वीरेन्द्र, भोजराज, मोहन मुरारी, महेश पाल, संजय और गंगाराम चौधरी सहित अन्य ग्रामीण निरन्तर सहयोग दे रहे हैं।

# अब प्रसूति के लिये नहीं जाना पड़ता जिला अस्पताल

**भोपाल।** रायसेन जिले के मुड़िया खेड़ा गाँव के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के सौर ऊर्जा से जगमगाने के बाद लोगों का जीवन ही बदल गया है। केन्द्र में 24 घन्टे बिजली की उपलब्धता से हर वक्त स्वास्थ्य सुविधायें सुनिश्चित होने के साथ बिजली का बिल भी शून्य हो गया है। सबसे बड़ी बात सह है कि पहले यहाँ एक भी प्रसूति नहीं होती थी। प्रसूति के लिये महिलाओं को सांची, सलामतपुर या जिला अस्पताल जाना पड़ता था। लेकिन सभी स्वास्थ्य सुविधायें उपलब्ध होने से अब गाँव ही नहीं आस-पास के सात गाँवों के लोग भी प्रसूति के लिये मुड़िया खेड़ा स्वास्थ्य केन्द्र आ रहे हैं। लोग बहुत खुश हैं। गाँव में ही इलाज मिलने से आने-जाने में होने वाला खर्च और परेशानी दोनों से ही निजात मिली है। गाँव की प्रेमबाई, असगर, कुर्बान, अनारद का कहना है कि चौबीस घन्टे बिजली मिलने से अस्पताल में रोशनी तो रहती ही है उपकरण भी निरन्तर चल रहे हैं। गर्मियों में भी अब परेशानी नहीं होगी। स्वास्थ्य केन्द्र में 16 लाख रूपये की लागत से स्थापित सोलर सिस्टम से 8 किलोवॉट बिजली तैयार हो रही है। अस्पताल परिसर में नक्षत्र वाटिका बनाई गई है जिसमें 12 ग्रह और 27 नक्षत्र के आराध्य वृक्षों को आयुर्वेद के अनुसार रोपा गया है साथ ही यहाँ फलदार पौधे भी लगाये गये हैं। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश में नवकरणीय ऊर्जा उत्पादन को प्राथमिकता देने की रणनीति मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के पूर्व कार्यकाल में प्रारंभ हुई।

# कला और हुनर के अदभुत संगम से कला प्रेमियों और पर्यटकों का सीधा संवाद

**भोपाल।** खजुराहो नृत्य समारोह के दौरान कला और हुनर के अदभुत संगम से कला प्रेमियों और पर्यटकों का साक्षात्कार और सीधा संवाद स्थापित हो रहा है। %हुनर% और %आर्ट मार्ट% के माध्यम से पर्यटकों का मध्यप्रदेश के विभिन्न अंचलों में प्रचलित शिल्प और कलाओं से भी परिचय कराया जा रहा है। जहाँ हुनर देशज कला का शिल्प मेला है, वहीं %आर्ट मार्ट% %नारी की सृजनात्मकता% पर केंद्रित महिला कलाकारों की अनुपन कृतियों की प्रर्दशनी है। समारोह स्थल पर प्रदर्शनियों और मेले के माध्यम से विक्रय हो रही क्रॉफ्ट और शिल्प सामग्री पर्यटकों के आकर्षण का केन्द्र बने हुए है। खजुराहो नृत्य समारोह केदौरान हुनर कार्यशाला के संयोजक श्री चिन्मय मिश्र ने बताया कि



हुनर कार्यशाला अंतर्गत लोक शिल्प और क्राफ्ट की 20 कार्यशालाएँ आयोजित की जा रही हैं। कार्यशाला में देवास का लाख शिल्प, छतरपुर का मिट्टी शिल्प, निवाड़ी का खादी शिल्प के साथ स्थानीय क्षेत्र की कलाएँ और हुनर को प्रदर्शित किया गया है। पर्यटकों के लिए प्राकृतिक रंगों से रंगी हुई आंध्रप्रदेश की दरियाँ और नीमच के कपड़े आकर्षण का केंद्र हैं। इसके साथ ही बांधनी, बटिक, बाग प्रिंट, चंदेरी और महेश्वरी साड़ी भी सभी को आकर्षित कर रही है। कार्यशाला के उत्पाद पर्यटकों और कला प्रेमियों को विक्रय के लिए उपलब्ध हैं। पर्यटक इन्हें रूचि लेकर क्रय भी कर रहे हैं। खजुराहो नृत्य समारोह में र्ट मार्ट की संयोजक श्रीमती प्रीता गडकरी ने बताया कि इस वर्ष का आर्ट मार्ट %नारी की सृजनात्मकता% पर केंद्रित है। देश भर के 25 समूहों की 250 महिला कलाकारों की 500 आर्ट प्रदर्शनी रखी गई है। इसमें पेंटिंग्स, स्कल्पचर्स, ड्राइंग्स और ग्राफिक्स शामिल है। पर्यटक को एक ही स्थान पर बंगाल, उड़ीसा, बिहार, गुजरात, महाराष्ट्र सहित अन्य राज्यों की क्षेत्रीय कला और परंपरा से परिचित हो रहे है। मध्यप्रदेश की बुंदेली स्थानी कला यहाँ आकर्षण का केंद्र है। प्रमुख सचिव, संस्कृति एवं पर्यटन श्री शिव शेखर शुक्ला ने बताया कि भारतीय सांस्कृतिक परिदृश्य में ललित कलाओं के सृजन की एक लंबी और सार्थक परंपरा रही है। इन कलाओं में मूर्ति शिल्प, चित्रांकन, छायाचित्र, छायाचित्र स्थापन कला आदि शामिल हैं। प्रादेशिक कलाकारों ने अपनी सृजन सक्रियता से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति अर्जित की है। इन कलाकारों को प्रोत्साहित एवं आर्थिक रूप से सुदृढ़ करने के उद्देश्य से समारोह में इस वर्ष हुनर और %आर्ट मार्ट% का उपक्रम लगाया गया है। देश के विभिन्न राज्यों में कार्य करने वाले कलाकार अपनी कृतियों, सृजनात्मक प्रस्तुतियों की रचना के दौरान हुए अनुभवों को पर्यटकों से साझा कर रहे हैं। लब्ध प्रतिष्ठित शिल्पकार अपना हुनर पर्यटकों से साझा कर रहें है। कलाकारों से मिलकर विद्यार्थी और पर्यटक अपनी जिज्ञासाओं का समाधान भी पा रहे है।

# अक्षर ओर अश्विन ने इंग्लैंड को 112 रनों पर समेटा





**अहमदाबाद ।** अक्षर पटेल ओर अश्विन की शानदार गेंदबाजी से भारत ने यहां दिन-रात्रि के तीसरे टेस्ट में मेहमान इंग्लैंड टीम को पहली पारी में 112 रनों पर ही समेट दिया। इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए मेहमान टीम भारतीय स्पिनरों के सामने टिक नहीं पायी। घरेलू मैदान पर अक्षर ने 6 विकेट लिए। वहीं अश्विन ने 3 और इशांत ने एक विकेट अपने नाम किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने आई इंग्लैंड की शुरूआत अच्छी नहीं रही। सलामी बल्लेबाज जैक क्राउली के अर्धशतक (53) के अलावा कोई अन्य बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल पाया। अक्षर ने बेन फोक्स को 12 रन पर आउट कर इंग्लैंड को ऑलआउट कर दिया।। भारतीय टीम को तीसरी सफलता स्पिनर अश्विन ने दिलाई। अश्विन इंग्लैंड के कप्तान जो रूट को 17 रन पर आउट कर टीम को बड़ी सफलता दिलाई। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए जॉनी बेयरस्टो भी शून्य पर आउट हो गए। बेयरस्टो को लोकल बॉय अक्षर पटेल ने अपनी गेंद का शिकार बनाया।भारतीय टीम को चौथी सफलता अक्षर पटेल ने दिलाई। अक्षर ने 53 रन बनाकर खेल रहे जैक क्राउली को अपनी गेंद का शिकार बनाया और उन्हें पवैलियन भेजा। इंग्लैंड के 100 रन भी नहीं बने थे कि अश्विन ने मेहमान टीम को 8वां झटका देते हुए जैक लीच को पुजारा के हाथों कैच आउट करवा दिया। अश्विन की गेंद पर लीच स्लिप पर खड़े पुजारा के हाथों कैच हुए। लीच 14 गेंदों पर मात्र 3 रन ही बना पाए। अक्षर ने स्टुअर्ट ब्रॉड को आउट कर इंग्लैंड को 9वां झटका दिया। ब्रॉड का विकेट लेते ही अक्षर ने अपने नाम 5 विकेट भी कर लिए हैं और वह गुलाबी गेंद से यह उपलब्ध्धि करने वाले पहले भारतीय स्पिन गेंदबाज बन गए हैं पटेल ने भारत को 7वीं सफलता जोफ्रा आर्चर के रूप में दिलाई जो 18 गेंदों पर 2 चौकों की मदद से 11 रन बनाकर बोल्ड हो गए। इसके बाद अक्षर पटेल ने शानदार गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए अपनी तीसरी और टीम को छठी सफलता दिलाई। पटेल ने बेन स्टोक्स को मात्र 6 रन पर अपनी गेंद का शिकार बनाया और एलबीडब्ल्यू आउट करते हुए पवेलियन भेजा। टी ब्रेक के बाद इंग्लैंड को 81 रन पर दो झटके लगे। पहले अश्विन ने गेंदबाजी करते हुए ओली पोप को बोल्ड कर टीम को पांचवीं सफलता दिलाई। पोप 12 गेंदें खेलकर मात्र एक रन ही बना पाए।



## ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन चैम्पियनशिप में सिंधु को मिला आसान ड्रॉ

**नई दिल्ली ।** भारतीय बैडमिंट स्टार पी वी सिंधु को अगले माह होने वाले ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन चैम्पियनशिप के लिए आसान जबकि अनुभवी खिलाड़ी साइना नेहवाल को कठिन ड्रॉ मिला है। यह टूर्नामेंट 17 से 21 मार्च के बीच बर्मिंघम में खेला जाएगा। ऑल इंग्लैंड ओपन 2021 इस साल का दूसरा टूर्नामेंट होगा जिसमें आगामी टोक्यो ओलंपिक क्वालीफिकेशन को देखते हुए खिलाड़ियों को रैंकिंग अंग मिलेंगे। बैडमिंटन विश्व महासंघ द्वारा जारी ड्रॉ के अनुसार पहले दौर में सिंधु का सामाना मलेशिया की सोनिया चिया से होगा। वहीं क्वार्टर फाइनल में सिंधु का मुकाबला जापान की अकाने यामागुची और सेमीफाइनल में स्पेन की कैरोलिना मारिन से हो सकता है। मारिन को टूर्नामेंट में शीर्ष वरीयता मिली है जबकि सिंधु को पांचवीं वरीयता दी गई है। वहीं साइना को पहले दौर में कठिन प्रतिद्वंद्वियों डेनमार्क की शीर्ष खिलाड़ी मिया ब्लिचफेल्ट से मुकाबला करना होगा।

## इटालियन फुटबॉल लीग में रोनाल्डो के दो गोल से जीता युवेंटस




**तूरिन।** इटली के फुटबॉल क्लब युवेंटस ने इटालियन फुटबॉल लीग सीरी ए में क्रोटोन को 3-0 से हरा दिया। क्रिस्टियानो रोनाल्डो के दो शानदार गोलों की सहायता से युवेंटस को यह जीत मिली। रोनाल्डो ने पहले हाफ के 38वें मिनट में पहला गोल किया और फिर इंजुरी टाइम में दूसरा गोल करके युवेंटस को मध्यांतर तक 2-0 की बढ़त दिला दी। इसके बाद वेस्टन मैकेनी ने 66वें मिनट में एक गोल कर युवेंटस की बढ़त को और पक्का कर दिया। इस जीत से युवेंटस की टीम अंक तालिका में तीसरे स्थान पर खिसक गयी है। इसके बाद भी वह शीर्ष पर चल रहे इंटर मिलान से आठ अंक पीछे है। इंटर मिलान के 23 मैचों में 53 और युवेंटस के 22 मैचों में 45 अंक हैं। क्रोटोन की यह लगातार पांचवीं हार है और उस पर दूसरे डिवीजन में खिसकने का खतरा मंडरा रहा है । युवेंटस का मनोबल इस जीत से अगले मुकाबले के लिए बढ़ा है।



मेलबोर्न में जापान की नाओमी ओसाका ऑस्ट्रेलियाई ओपन ट्राफी के साथ उत्साहित नजर आयीं।

## आईपीएल और टेस्ट श्रृंखला का कार्यक्रम एक साथ होना सही नहीं मानते विलियमसन



**क्राइस्टचर्च ।** न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन के अनुसार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के दौरान ही इंग्लैंड दौरे में टेस्ट श्रृंखला का कार्यक्रम सही नहीं कहा जा सकता। आईपीएल के अप्रैल के दूसरे सप्ताह में शुरू होने की संभावना है और इसके नाकआउट मैच जून के पहले सप्ताह तक हो सकते हैं। ऐसे में इसकी तारीख इंग्लैंड में न्यूजीलैंड के पहले टेस्ट मैच की तिथियों से टकरा सकती हैं। पहला टेस्ट मैच दो जून से लार्ड्स में शुरू होगा। विलियमसन ने कहा, 'यह निश्चित तौर पर सुविधाजनक स्थिति नहीं है। मैं जानता हूं कि जब यह योजना बनायी गयी थी तब किसी के दिमाग में यह बात नहीं थी।% उन्होंने कहा, 'हमारे लिए यह जितनी जल्दी हो सके हालातों से तालमेल बिठाने से जुड़ा है। हमें अब भी इंतजार करना होगा और किसी भी फैसले पर पहुंचने से पहले यह देखना होगा कि कार्यक्रम को लेकर क्या हो रहा है, पर सभी तरह की क्रिकेट के लिये उपलब्ध रहना आदर्श स्थिति होगी।% इंग्लैंड के खिलाफ 2 टेस्ट मैचों की श्रृंखला की घोषणा पिछले महीने ही की गयी और यह विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा नहीं है।

## अडाणी एंटरप्राइजेज ने एजकॉनेक्स के साथ करार किया



**मुंबई ।** अडाणी एंटरप्राइजेज ने कहा कि उसने देश भर में डेटा केंद्र विकसित करने और संचालित करने के लिए अमेरिकी कंपनी एजकॉनेक्स के साथ करार किया है। अडाणी एंटरप्राइजेज ने कहा कि यह समझौता उसकी पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी डीसी डेवलपमेंट चेन्नई और एजकॉनेक्स की सहयोगी कंपनी एजकॉनेक्स यूरोप के बीच हुआ है। संयुक्त उपक्रम का लक्ष्य अगले एक दशक में एक जीडब्ल्यू डेटा केंद्र क्षमता विकसित करना है। संयुक्त उपक्रम अडाणीकॉनेक्स जेवी भारत में हाइपरस्केल डेटा सेंटर का नेटवर्क तैयार करने पर ध्यान देगी। इसकी शुरुआत चेन्नई, नई मुंबई, नोएडा, विशाखापत्तनम और हैदराबाद के बाजारों से होगी। दोनों कंपनियों ने कहा कि इन स्थानों पर विकास और निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। हालांकि कंपनियों ने निवेश के आंकड़ों की जानकारी नहीं दी। अडाणी समूह के चेयरमैन गौतम अडाणी ने कहा कि भारत में अभी डेटा सब्सक्राइब करने वाली दुनिया की सबसे बड़ी आबादी है। इसकारण क्लाउड, कंटेंट, नेटवर्क, इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी), 5जी, कृत्रिम मेधा (एआई) और उपक्रमों की जरूरतों को पूरा करने के लिये देश में डेटा केंद्र बुनियादी आवश्यकता हैं।

## पेट्रोल और डीजल की कीमत में बदलाव नहीं

**मुंबई ।** घरेलू बाजार में ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने बुधवार को पेट्रोल और डीजल के दाम में बदलाव नहीं ?किया




है। दिल्ली में पेट्रोल और डीजल के दाम कल 35-35 पैसे बढ़ गए थे। दिल्ली में 24 फरवरी को पेट्रोल के दाम कल के भाव 90.93 रुपए प्रति लीटर और डीजल के भाव कल के हिसाब से 81.32 रुपए प्रति लीटर पर है। मुंबई में भी पेट्रोल के 97.34 रुपए प्रति लीटर और डीजल 88.44 रुपए प्रति लीटर हैं। कोलकाता में भी पेट्रोल के दाम 91.78 रुपए प्रति लीटर और डीजल के दाम 84.56 रुपए प्रति लीटर हैं। चेन्नई में भी पेट्रोल के दाम 92.90 रुपए प्रति लीटर और डीजल के दाम 86.31 रुपए प्रति लीटर हैं।

# रेड मैजिक 6 चार मार्च को होगा लॉन्च

## मोबाइल पर गेम खेलने वालों के लिए है यह फोन

**नई दिल्ली। पॉप्युलर स्मार्टफोन ब्रैंड नूबिया धांसू मोबाइल नूबिया रेड मै?जिक 6 लॉन्च करने वाला है। यह फोन आगामी चार मार्च को लांच होगा। कंपनी द्वारा इस स्मार्टफोन्स को मोबाइल पर गेम खेलने वालों के लिए लॉन्च किया जाएगा। इसमें पावरफुल प्रोसेसर और शानदार डिस्प्ले के साथ ही धांसू बैटरी भी होगी, जो फास्ट चार्जिंग फीचर के साथ आएगी। नूबिया टेक्नालाजी कंपनी ?लिमिटेड की मानें तो नूबिया रेड मैजिक 6 में 4 सबसे फास्ट टेक्नॉलजी लगी होगी, जो स्क्रीन, टच और फैन से संबंधित हकि नूबिया रेड मै?जिक 6 की जितनी भी स्पेसिफिकेशंस डीटेल सामने आई है, उसके मुताबिक इस मोबाइल में सबसे फास्ट चार्जिंग टेक्नॉलजी देखने को मिल सकती है।**




इसके साथ ही रेड मैजिक 6 को लेटेस्ट और बेस्ट माने जा रहे क्वालकाम स्नैपड्रेगन 888 एसओसी प्रोसेसर के साथ पेश किया जाएगा। कंपनी का दावा है कि यह मोबाइल सबसे फास्ट और सबसे ज्यादा पावरफुल होने वाला है, जिसकी खूबियां लोगों का दिल जीत लेंगी। नूबिया रेड मैजिक 6 में इन-बिल्ट कूलिंग फैन होगा। यह टेक्नॉलजी अब तक शायद ही किसी फोन में देखने को मिली है, ऐसा कंपनी का दावा है रेड मैजिक 6 में 4500 एमएएच की बैटरी लगी होगी, जो 120 डब्ल्यू फास्ट चार्जिंग सपोर्ट के साथ आएगी। वहीं इस फोन के कैमरे की बात करें तो इसमें ट्रिपल रियर कैमरा सेटअप दिया गया है और इसका प्राइमरी सेंसर 64 मेगापिक्सल का है। इस गेमिंग फोन में सेल्फी के लिए 8 मेगापिक्सल का कैमरा दिया गया है। लीक जानकारी के मुताबिक, नूबिया रेड मै ?जिक 6 को रेड मै ?जिक 6 और नूबिया रेड मै ?जिक 6 प्रो जैसे दो वेरियंट में लॉन्च करने वाली है। इन स्मार्टफोन्स में 'टेंसेंट गेम' लोगो लगा है। नूबिया के इस अपकमिंग स्मार्टफोन की खूबियों की बात करें तो इसमें 6.65 इंच का फुल एचडी+ डिस्प्ले लगा होगा, जिसका रिफ्रेश रेट 144 एचझेड और स्क्रीन रिजॉल्यूशन 1080×2340 पिक्सल है। इसे 12जीबी रैम और 256 जीबी स्टोरेज के साथ लॉन्च किया जाएगा।

